रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 14 अगस्त 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 353 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सोनिया गांधी फिर कोरोना संक्रमित



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी कोरोना वायरस से फिर संक्रमित हो गई हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि सोनिया गांधी का कोविड-19 परीक्षण पॉजिटिव आया, वह सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार आईसोलेशन में रहेंगी। उल्लेखनीय है कि गांधी जून की शुरुआत में ही कोविड-19 से संक्रमित हो गई थीं। इससे संबंधित परेशानियों के कारण उन्हें सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।


### बांदा नाव हादसे में डूबे चार यात्री अब भी लापता

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के मरका क्षेत्र में पिछले गुरूवार को यमुना नदी में हुये नाव हादसे के 48 घंटे बीतने के बाद भी डूबे चार यात्रियों में सात का अब तक कोई पता नहीं चल सका है वहीं हादसे को लेकर बांदा और फतेहपुर जिला प्रशासन के बीच तालमेल में कमी की अटकलें मुखर होने लगी हैं। स्थानीय ग्रामीण और लापता यात्रियों के परिजन फतेहपुर जिले की सीमा के निकट हुयी इस हृदय विदारक घटना में खोजबीन में हो रही लेटलतीफी के लिये बांदा और फतेहपुर जिला प्रशासन के बीच तालमेल की कमी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

# भाजपा 15 वर्ष का पहले हिसाब दे, तब पूछे तीन वर्ष का हिसाब : भूपेश

## गरजे नवनियुक्त अध्यक्ष साव, कहा- छत्तीसगढ़ में माफिया राज, हम सब मिलकर इस सरकार को उखाड़ फेकेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा ने कांग्रेस सरकार से तीन साल का हिसाब मांगा जिस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि लगातार 15 वर्ष सत्ता में रहने वाली भाजपा पहले अपने कामकाज का हिसाब दे तब उनसे तीन वर्ष का हिसाब मांगने का हक हैं। बघेल ने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि भाजपा के 15 वर्षो के शासनकाल के बाद उन्हे विरासत में देश में सबसे ज्यादा गरीबी, कुपोषण, अशिक्षा, एनीमिक महिलाएं तथा झोपड़ी मिली थी। इस स्थिति में बदलाव के लिए उनकी सरकार ने सत्ता में आते ही काम शुरू कर दिया जिसके परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। इन तीन वर्षों में दो वर्ष कोरोना में तथा एक वर्ष चुनाव में निकल गए। भाजपा को पहले यह बताना चाहिए कि 15 वर्ष की लगातार सत्ता और कई वर्ष तक डबल इंजन की सरकार रहने पर ऐसी स्थिति क्यों थी। उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर मुख्य विपक्षी दल भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए पूछा कि उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, असम, उत्तराखंड जैसे भाजपा शासित राज्यों तथा पड़ोसी राज्यों में क्या सभी के पक्के मकान बन गए। उन्होने कहा कि पहले बैंके राज्य सरकार को योजनाओं के लिए ऋण देती थी पर रिजर्व बैंक के नए दिशानिर्देशों में उन योजनाओं को ऋण देने पर रोक लगा दी गई जिसमें रिपेमेन्ट की व्यवस्था नही हो। इस समस्या के मद्देनजर राज्य सरकार ने इसे बजट में शामिल किया है। हम बजट से इसके लिए धन दे रहे हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि नलजल योजना के तहत काम तेजी से चल रहा है। 13 लाख घरों में योजना के तहत पानी पहुंच रहा हैं। लगातार काम चल रहा हैं और निरन्तर प्रगति हो रही हैं। उन्होने कहा कि स्थानान्तरण नीति को मंजूरी दे दी गई है। 16 अगस्त से कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की योजनाओं को कुछ और राज्यों द्वारा लागू करने की खबरों पर खुशी जताई। श्री बघेल ने कहा कि उनका भेंट मुलाकात का कार्यक्रम वर्षा तथा किसानों के खेती किसानी में व्यस्त होने के चलते स्थगित हुआ है। सितम्बर से यह फिर शुरू हो सकता हैं।

### सभी वर्ग अपने आप को छला हुआ, ठगा महसूस कर रहे : अरूण साव



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए, भुखमरी, गरीबी से मुक्ति के लिए नक्सल से मुक्ति के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। आज कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ को जिस दिशा में ले जा रही हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण हैं, हम सभी मिलकर इस सरकार को उखाड़ कर फेंक देंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को छला गया लगातार ठगा गया आज प्रत्येक वर्ग कांग्रेस की सरकार से परेशान हैं प्रताड़ित महसूस कर रहा हैं। छत्तीसगढ़ में माफिया राज चल रहा हैं, छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया गया हैं। नशे का काला कारोबार फल फूल रहा हैं। किसान युवा महिला बुजुर्ग सभी वर्ग अपने आप को छला हुआ ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हम कह सकते हैं कि ऐसा कोई सगा नहीं जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं। उन्होंने कहा कि किसानों से खाद, बीज, बारदाना, रकबा छीना किस्तों में धान की कीमत दे छलने का काम किया, युवाओं से रोजगार और भत्ता छीना, गरीबों से छीना अन्न और आवास, बुजुर्गो से वृद्धा पेंशन छीना कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ की जनता के साथ छिनने और लूटने के अलावा कोई काम नहीं किया है। माफिया राज चल रहा हैं रेत माफिया, शराब माफिया, सीमेंट माफिया, नशा माफिया, भू माफिया, कोल माफिया का राज चल रहा है। समय आ गया है अटल जी के सपने के छत्तीसगढ़ को सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की दिशा में पुनः वापस ले जाने का और मुझे पूरा विश्वास हैं कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के परिश्रम और छत्तीसगढ़ की पौने तीन करोड़ जनता के विश्वास से छत्तीसगढ़ में अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और छत्तीसगढ़ में एकबार पुनः विकास और विश्वास का कमल खिलेगा।

## हिमाचल धर्म परिवर्तन कानून में कड़े प्रावधान

वार्ता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में जय राम ठाकुर सरकार ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश धर्म स्वतंत्रता संशोधन विधेयक 2022 को पारित कर दिया जिसमें बलपूर्वक सामूहिक धर्मांतरण को अपराध की श्रेणी में रखकर और धर्मान्तरित लोगों को आरक्षण के लाभ से वंचित करने के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं। कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने इस कानून का कड़ा विरोध किया। कांग्रेस सदस्य सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यह कहकर बिल का विरोध किया कि यह बिल आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों के विरुद्ध है जिसे राज्य विधानसभा द्वारा संशोधित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आदिवासी क्षेत्रों में धर्म परिवर्तन करता है तो वह भी भूगोल के आधार पर आरक्षण के लाभों से वंचित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विधेयक को प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए। सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस विधेयक का समर्थन करती है लेकिन विधेयक में जो धारा समाहित की गई है वह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को दिए गए आरक्षण के संवैधानिक प्रावधान को प्रभावित करती है।

## चोट के कारण विश्व चैंपियनशिप से बाहर हुईं सिंधु

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



पूर्व विश्व चैंपियन और भारत की शीर्ष शटलर पुसरला वेंकट सिंधु बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर होने के कारण विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर हो गयी हैं। स्पोर्टस्टार ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में सिंधु के पिता पीवी रमन के हवाले से कहा कि दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के क्वार्टरफाइनल में चोट आयी थी। उन्होंने बताया कि सिंधु ने चोट के बावजूद सेमीफाइनल मुकाबला खेला और अंततः राष्ट्रमंडल स्वर्ण जीता। 27 वर्षीय सिंधु ने विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण सहित पांच पदक जीते हैं। अब उन्हें पूरी तरह ठीक होने तक निगरानी में रखा जाएगा। रमन ने स्पोर्टस्टार से कहा, सिंगापुर ओपन और राष्ट्रमंडल खेल जीतने के बाद विश्व चैंपियनशिप छूटना निराशाजनक है, लेकिन यह सब चीजें हमारे हाथ में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान उनके ठीक होने पर होगा, और हम अक्टूबर में होने वाले डेनमार्क और पैरिस ओपन को लक्षित करेंगे। गौरतलब है कि सिंधु ने हाल ही में महिला एकल का अपना पहला राष्ट्रमंडल स्वर्ण जीता। इससे पहले वह 2014 (कांस्य) और 2018 (रजत) में भी पदक जीता था।

## बंगलादेश हमारा बहुमूल्य भागीदार हैः जयशंकर

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को बंगलादेश को बहुत ही मूल्यवान भागीदार बताया और कहा कि भारत उसके साथ संबंधों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। जयशंकर ने यह बातें चीन और ताइवान के बीच तनाव के मद्देनजर बंगलादेश के 'वन चाइना' स्टैंड पर टिप्पणी करते हुए कही। उन्होंने पीईएस विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बंगलादेश एक संप्रभु देश है। उनके अपने हित हैं। उनका अपना दृष्टिकोण है। वे (चीजें) अपने हित में और अपने फैसले के अनुसार करेंगे। उन्होंने कहा कि बंगलादेश के साथ हमारे संबंध बहुत खास हैं। हमारे लिए बंगलादेश एक बहुत ही मूल्यवान भागीदार है और हम स्पष्ट रूप से उस रिश्ते को बढ़ावा देने के लिए बहुत गहराई से प्रतिबद्ध हैं। जयशंकर ने बंगलादेश के साथ संबंध सुधारने के लिए मोदी सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि बंगलादेश के साथ भूमि सीमा समझौते से भारत को कनेक्टिविटी के मामले में भारी लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि रिश्ते हमेशा उतने अच्छे नहीं रहे, जितने आज हैं। अतीत में बंगलादेश के साथ हमारे संबंधों में समस्याएं रही हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन अगर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आठ साल की सरकार को देखें और अगर कोई मुझसे विदेश नीति में शीर्ष पांच उपलब्धियों या यहां तक कि शीर्ष तीन उपलब्धियों को चुनने के लिए कहता है, तो बंगलादेश के साथ हमने जो भूमि सीमा समझौता किया था, उसे चुनूंगा।

## देश की आन, बान, शान, मान और सम्मान पर नहीं आने दी जायेगी आंच : राजनाथ

एजेंसी ◄ जोधपुर
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा है कि चाहे किसी भी हद तक जाना पड़े भारत की आन, बान, शान, मान और सम्मान पर कोई आंच नहीं आने दी जायेगी। सिंह आज जोधपुर जिले के सालवा कलां में साहस, शौर्य और स्वामीभक्ति के प्रतीक वीर दुर्गादास राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोग गलतफहमी पैदा करने की कोशिश करते हैं और कह रहे है कि चीन ने यह कर दिया, वह कर दिया, कैसे होती है सीमाओं की सुरक्षा। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें करने वाली राजनीतिक पार्टियों को जहां देश के मान सम्मान की बात आती है वहां राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई राजनेता सीमा पर जाकर सीमाओं की रक्षा नहीं करता, इन्हीं माताओं की कोख से जन्में लाल ही सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं और अवसर आने पर अपना बलिदान देने में भी पीछे नहीं हटते और देश की सीमा में किसी को घुसने नहीं दिया हैं। उन्होंने वीर दुर्गादास के त्याग को याद करते हुए कहा कि राजनीति सत्ता बनाने के लिए नहीं, राजनीति समाज एवं देश बनाने के लिए की जाती हैं। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सीना 56 इंच चौड़ा बताते हुए कहा कि उन्होंने देश के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा और उस पर कभी आंच नहीं आने दी। उन्होंने कहा कि पहले देश का सुरक्षा चक्र इतना मजबूत नहीं था लेकिन आज पहले से कही ज्यादा सुरक्षा चक्र मजबूत हुआ हैं और भारत कमजोर देशों में नहीं जबकि ताकतवर देशों में गीना जाने लगा हैं।

## कार की टक्कर लगने से युवक की मौत, एक अन्य घायल

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




धमतरी जिले के कुरुद थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाठागांव के पास बस का इंतजार कर रहे दो व्यक्ति को एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित ग्राम भाठागांव निवासी नवनीत शर्मा (22) और घासुराम यादव (52) सड़क किनारे रायपुर जाने बस का इंतजार कर रहे थे। तभी धमतरी की ओर से रायपुर जा रही तेज रफ्तार कार ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में नवनीत की मौत हो गई और घासुराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेज दिया गया है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कुरूद से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

### श्रीनगर में सीआरपीएफ के बंकर पर ग्रेनेड अटैक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आतंकियों ने सीआरपीएफ के बंकर पर ग्रेनेड अटैक किया। श्रीनगर के अली जान रोड के पास हुए हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घायल पुलिसकर्मी की पहचान सीआरपीएफ की 161वीं बटालियन के सब इंस्पेक्टर परवेज राणा के तौर पर हुई है।

## भगवंत मान की एक विधायक-एक पेंशन योजना पर राज्यपाल की मोहर

वार्ता ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने एक विधायक-एक पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है। यह फाइल काफी समय से राज्यपाल के पास अटकी हुई थी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को खुद ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी। पंजाब की भगवंत मान सरकार इसी वर्ष एक जुलाई को इस संबंध में विधानसभा में विधेयक लेकर आई थी। इसके बाद इसे मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेज दिया गया था। इस संबंध में अधिसूचना जारी होने के बाद अब राज्य में विधायक को एक ही पेंशन मिलेगी। राज्य में अब तक हर कार्यकाल की अलग-अलग पेंशन मिलती थी। उदाहरण के लिए यदि कोई नेता पांच बार विधायक रहा तो उसे पांच पेंशन मिलती थी, लेकिन अब एक ही पेंशन मिलेगी। विधायकों की पेंशन के संबंध में अधिसूचना जारी होने के बाद अब विधायकों को उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद 60 हजार रुपये पेंशन और महंगाई भत्ता ही मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दो मई को भगवंत मान कैबिनेट ने 'एक विधायक-एक पेंशन योजना' को मंजूरी दी थी। इसके बाद फाइल राज्यपाल को भेज दी गई थी, लेकिन राज्यपाल ने यह कहते हुए फाइल लौटा दी थी कि इस संबंध में विधानसभा में बिल पेश किया जाए। इसके बाद भगवंत मान सरकार ने एक जुलाई को विधानसभा में विधेयक पेश किया था। पंजाब में विधायकों के पास एक से ज्यादा पेंशन जा रही थी, जिस कारण सरकार पर 19.53 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ हर साल पड़ रहा था।

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 से स्वदेश लौटे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी

# एथलीट देश के युवाओं को प्रेरित कर रहे : मोदी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 से स्वदेश लौटे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वे खेलों में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी देश के युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। मोदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते कुछ हफ्तों में देश ने खेल के मैदान में दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ-साथ देश ने पहली बार शतरंज ओलंपियाड का आयोजन किया है। हमने न सिर्फ आयोजन किया बल्कि शतरंज में अपनी श्रेष्ठ परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अच्छा प्रदर्शन भी किया है। मैं राष्ट्रमंडल खेलों के साथ-साथ ओलंपियाड में पदक जीतने वालों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन खिलाड़ियों ने पदक जीता वे भी, और जो आगे पदक जीतने वाले हैं वे भी आज प्रशंसा के पात्र हैं। राष्ट्रमंडल खेल 2022 का आयोजन इंग्लैंड के पश्चिमी मिडलैंड क्षेत्र के बर्मिंघम शहर में किया गया था। भारत और इंग्लैंड के समय में चार घंटे से ज्यादा का फर्क है, जिसकी वजह से आयोजन भारतीय समयानुसार देर रात तक चलता था। मोदी ने कहा कि आप सभी जब वहां मुकाबला कर रहे थे, हिन्दुस्तान में करोड़ों भारतीय 'रतजगा' कर रहे थे। देर रात तक आपके हर एक्शन पर देशवासियों की नज़रें थीं। कितने ही लोग बार-बार जागकर स्कोर देखा करते थे। खेलों के प्रति आकर्षण बढ़ाने में आप सब की भूमिका है और आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे प्रदर्शन का इमानदार आंकलन सिर्फ पदकों की संख्या से करना सही नहीं है। हमारे कई खिलाड़ी कांटे की टक्कर देकर आये, जो पदक से कम नहीं है। जो 0.1 सेंटीमीटर, 0.1 सेकंड का फासला रह गया उसमें हम सुधार कर लेंगे। यह मेरा आप पर विश्वास है। भारतीय दल ने बर्मिंघम 2022 में अपने मजबूत क्षेत्रों में सफलता हासिल करने के साथ-साथ नये खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने जहां रजत एवं कांस्य पदक हासिल किया, वहीं लॉन बॉल्स में भी भारत ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि हॉकी में जिस प्रकार हम अपनी विरासत को फिर हासिल कर रहे हैं, मैं दोनों टीमों की उसके लिये सराहना करता हूं। पिछली बार की तुलना में इस बार हमने चार नये खेलों में जीत का रास्ता बनाया है। लॉन बॉल्स से लेकर एथलेटिक्स तक हमने जीत हासिल की। इसकी बदौलत युवाओं का खेलों में रुझान बढ़ने वाला है। उन्होंने कहा कि बॉक्सिंग हो, जूडो हो या कुश्ती हो, जिस प्रकार बेटियों ने वर्चस्व कायम रखा है वो अद्भुत है। आप सभी देश को सिर्फ एक पदक नहीं देते। आप जश्न मनाने का और गर्व करने का अवसर ही नहीं देते, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी सशक्त करते हैं। आप खेल में ही नहीं, बाकी क्षेत्रों में भी देश के युवाओं को बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## धार में डैम फूटने का खतरा, 18 गांव कराए खाली

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर कारम नदी पर बन रहे एक बांध की दीवार से पिछले दो दिनों से जारी पानी के रिसाव एवं मिट्टी गिरने से बांध के टूटने का खतरा पैदा होने की आशंका के मद्देनजर आपदा प्रबंधन के लिए सेना एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें शनिवार को मौके पर पहुंच गयीं। इसके अलावा, वायुसेना के दो हेलीकॉप्टरों को भी तैयार रखा गया है (स्टैंड बाई पर), ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें तुरंत लोगों के बचाव में भेजा जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने बांध के निचले क्षेत्र में बसे 18 गांवों को शुक्रवार को ऐहतियातन खाली कराके लोगों को सुरक्षित स्थानों पर राहत शिविरों में भेज दिया है। धार जिले की धर्मपुरी तहसील में कारम मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत निर्माणाधीन इस बांध में लबालब पानी भरा हुआ है। हालांकि, प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने रिसाव रोकने के लिए बृहस्पतिवार से ही कार्रवाई शुरू कर दी थी। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने बांध के काम की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर 304 करोड़ रुपये की इस परियोजना में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया। वहीं, मौके पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी कर रहे मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि इस बांध में स्थिति पूर्णतया नियंत्रण में है। बांध में एक किनारे से सुरक्षित तरीके से पानी की निकासी की जा रही है ताकि बांध की दीवारों पर पानी का दबाव कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि यहां आपदा प्रबंधन के लिए सेना की इकाई भी पहुंच चुकी है और एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ दल भी काम प्रारंभ कर चुका है। सिलावट ने बताया कि बांध के निचले हिस्से के गांवों को सुरक्षित तरीके से खाली करा लिया गया है। संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा ने खरगोन के जिलाधिकारी कुमार पुरषोत्तम एवं अन्य अधिकारियों के साथ तड़के चार बजे तक प्रभावित गांवों में घर-घर जाकर इस कार्य को सुनिश्चित कराया।


जन समस्याओं, जन सुविधाओं के लिए
मुखर जुझारू व्यक्तित्व के धनी, माटी पुत्र
मान. अरुण साव जी
( सांसद बिलासपुर) को
छ.ग. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर
नंदन... वंदन... अभिनंदन...
मान. अरुण साव जी
सांसद बिलासपुर
यशवंत जैन
संजय रजक
विष्णु अग्रवाल
राणा प्रताप सिंह
संजय अग्रवाल
उमाशंकर शर्मा
सीताराम जोशी
मंजीत सिंह
राजेश रजक
तपन कुमार घोष
सौरभ दुबे
सुनील मिश्रा
चिंटू खण्डेलवाल
सौरभ तिवारी
राहूल शर्मा (प्रिंस)
निरंजन सिंह
बंटू गुप्ता
शरद यादव
विनय साहू
विरेन्द्र उपाध्याय
गुड्डा पाण्डेय
संदीप सिन्हा

# कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com




विधानसभा उपाध्यक्ष व स्थानीय विधायक मनोज सिंह मण्डावी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने 06 किलोमीटर की पैदल तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा ग्राम कुल्हाडकट्टा से शुरू हुई, और 06 किलोमीटर का पैदल सफर तय करने के बाद कांग्रेसियों का दल ग्राम चिचगांव के गोडोपारा पहुंचा और सभा में।परिवर्तित हुआ। सभा को सम्बोधित करते हुए मनोज मण्डावी ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस जगह जगह ऐसी यात्रा का आयोजन कर रही है, स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस के योगदान को जन जन तक पहुंचाना इस यात्रा का उद्देश्य है। आजादी की लड़ाई में जिन लोगों ने अपना बलिदान दिया, जो जेल गए, और जिन्होंने किसी ना किसी रूप में इस लड़ाई में सक्रिय योगदान दिया, ऐसे सभी आजादी के दीवानों को याद करने के लिए भी यह यात्रा निकाली गई है। आजादी की लड़ाई में कांग्रेस ने जो योगदान दिया है,उसे कोई भी नकार नहीं सकता है। परन्तु जिस भाजपा और आरएसएस ने स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों का साथ दिया, जिन्होंने कभी भी तिरंगा को सम्मान नहीं दिया वो आज तिरंगा के प्रति फर्जी प्रेम दिखा रहे हैं, उनकी सच्चाई भी जनता को बतायी जा रही है। आम जनता जीएसटी के बोझ तले पिस रही है। महंगाई आसमान छू रही है, और केंद्र सरकार आंख मूंद कर बैठी हुई है। उसे आम जनता की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। इन सब बातों को भी इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष लाया जा रहा है। भाजपा देश की जनता को आपस में लड़ा कर अपना उल्लू सीधा कर रही है। फूट डालो और राज करो की नीति अंग्रेजों ने इस्तेमाल की थी, और भाजपा भी अंग्रेजों का ही अनुसरण कर रही है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बिरेन्द्र ठाकुर ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता आन्दोलन में कांग्रेस के योगदान को विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में ही आजादी की लड़ाई लड़ी गई थी। भारत छोड़ो आंदोलन के पहले अंग्रेजो के विरुद्ध कई सत्याग्रह किए गए। अंग्रेजों ने जब नमक पर कर लगाया था, तब गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस ने दांडी यात्रा निकाली थी, और इसका विरोध किया था। परन्तु आज देश का दुर्भाग्य है कि नमक पर एक बार फिर से करारोपण किया गया है, वो भी आजाद देश में भाजपा की सरकार ने किया है। इस यात्रा में शामिल जिला पंचायत अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने भी सम्बोधित किया। यात्रा में प्रमुख रूप से युवक कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मोहसिन खान, कृष्णा टेकाम, भगवती गजेंद्र, रुख़साद खान, तुषार ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, गोलू गजेंद्र, विजय धामेचा,नमन जैन, वेदिका निषाद, ललिता नरेटी मेहता शामिल थे।

## हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा के नारा से गुंजायमान हुआ बीजापुर शहर



**बीजापुर।** स्वतंत्रता दिवस की अंतिम रिहर्सल के पश्चात हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को लेकर आज कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा एवं पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्य के अगुवाई में आला अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में मिनी स्टेडियम से लेकर नया बस स्टैण्ड होते हुए जिला कार्यालय तक तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा के नारों से पूरा बीजापुर शाहर गूंजा। रैली के दौरान सीआरपीएफ एवं डीआरजी के जवानों द्वारा मोटर साईकिल सहित अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाए, छात्र-छात्राएं, एनसीसी,रेडक्रास एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ रैली में भाग लिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर ने 02 हजार नग तिरंगा झंडे का निः शुल्क वितरण किया। बीजापुर जिले में आजादी के 75वें वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा झंडा फहराने कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है। इस दौरान सीईओं जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठं अधिकारी गण मौजूद थे।

# सर्वदलीय, सर्वसमाज के बैनर तले ब्रिटिशकालीन अंतागढ़ तहसील को जिला बनाने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी



पायनियर संवाददाता ‹ अन्तागढ़
www.dailypioneer.com

उनीसवीं शताब्दी के ब्रिटिश कालीन अंतागढ़ तहसील को जिला का दर्जा दिलाने आज से सर्वदलीय, सर्वसमाज के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन अंतागढ़ के वीरनारायण चौक में धरना प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग क्षेत्रवासी लगातार पिछले 1 दशक से अधिक समय से मांग करते आ रहे है।

लेकिन अभी तक ब्रिटिस कालीन अंतागढ़ तहसील को अपना हक नही मिला है। वही आंदोलनकारी का कहना है कि कि विगत 2012 से अंतागढ़ वासी अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग कर रहे हैं आपको बता दें कि अंतागढ़ की भौगोलिक स्थिति केंद्र पर मौजूद है जिससे लोग एक दिन में आकर अपना काम करवा कर जा सकेंगे केंद्र में प्रशासनिक अमला के बैठने से सभी व्यक्ति तक उनकी पहुंच सकेगी साथ ही साथ राज्य सरकार केंद्र सरकार और जिला प्रशासन की योजनाओं का क्रियान्वयन एवं लाभ अंतिम छोर में बसे व्यक्तियों को मिल पाएगा हाल ही के दिनों में रावघाट से लगे हुए एवं कोयलीबेडा और अमाबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र के लोग नारायणपुर जिले में शामिल होने के लिए मांग कर रहे हैं यह लगातार हो रहे क्षेत्र की उपेक्षा का शिकार एवं अनदेखी का परिणाम है।

अंतागढ़ जिला बन जाता तो आज राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर में बसे व्यक्तियों को मिलता तो लोगों की समस्या पूर्णता समाप्त हो जाती है और वह अन्य किसी दूसरे जिले में जाने की मांग नहीं करते ऐसे में राज्य सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए अंतागढ़ वासियों की फरियाद को सुनते हुए उनकी मांगों को जायज ठहराते हुए अंतागढ़ को जिला बनाए एवं मुख्यालय अंतागढ़ में स्थापित करें ताकि प्रशासन अंतिम तक पहुंच सके आज आंदोलन के आठवें दिन जिला निर्माण समिति द्वारा छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम अंतागढ़ को जिला बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा आज आंदोलन में बद्री गावड़े जनपद अध्यक्ष अंतागढ़ अकालूराम पवार माखन सिंह लक्षे सिंह कुलदीप रोहित रजक कुलदीप खापर्डे खगेश यादव राकेश ठाकुर लक्ष्मण कुमरा निसार अहमद कामेश्वर गुप्ता राकेश गुप्ता बाबा नाग भागीरथ यादव ओमप्रकाश भूपेश ठाकुर विजय साहू में उपस्थित थे।

## बड़ी संख्या में तिरंगा झंडा वितरण किया गया

**भानुप्रतापपुर।** आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कांग्रेस पार्टी के द्वारा घर-घर तिरंगा फहराने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा नगर के मुख्य चौक में इसका लगाकर बड़ी संख्या में मुफ्त तिरंगा झंडा का वितरण किया गया। कांग्रेस जनों ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस का लक्ष्य है, कि इसे उत्सव के रूप में मनाया जाए और प्रत्येक घर में 13 तारीख से लेकर 15 तारीख तक तिरंगा फहराए। गरीब व्यक्ति जो तिरंगा झंडा लेने में असमर्थ है, वह भी इस उत्सव में शामिल हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कांग्रेस कमेटी के द्वारा निशुल्क तिरंगा झंडा का वितरण किया गया है। 13 तारीख को और भी तिरंगा झंडो का वितरण किया जाएगा। तिरंगा झंडा वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, विजय धामेचा, नरेंद्र कुलदीप, नमन जैन, भगवती गजेंद्र,फुरकान अहमद आदि शामिल थे।

## 6 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर विधायक तथा विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी के नेतृत्व में शुक्रवार को 6 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।। जिसमें विकासखंड के समस्त कांग्रेस जन सम्मिलित होंगे। यह तिरंगा यात्रा ग्राम कुल्हाड कट्टा से शुरू होकर ग्राम रानवाही पहुंचेगी और उसके बाद ग्राम चिचगांव में जाकर समाप्त होगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि आजादी के 75 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, उसी के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत आम जनता में यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वर्तमान तक लगातार आम जनता की लड़ाई लड़ी है, और आगे भी लड़ती रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने अपील की है कि इस तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर इस अभियान को सफल बनाएं।

# आजादी के बाद पहली बार अंतागढ़ से दौड़ी डेमू पैसेंजर ट्रेन

पायनियर संवाददाता ‹ अन्तागढ़
www.dailypioneer.com



अंतागढ़ क्षेत्रवासियों का मांग है की रात में ट्रेन अंतागढ़ आकर हाल्ट करे और यहां से सुबह जल्दी रवाना होकर रायपुर पहुंचेगी तो निश्चित ही क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा। दल्लीराजहरा - रावघाट-जगदलपुर परियोजना के अंतर्गत अंतागढ़ से दुर्ग एवं रायपुर से अंतागढ़ तक डेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा का अंतागढ़ तक विस्तार किया गया। डेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा का अंतागढ़ तक विस्तार का शुभारंभ सांसद लोकसभा कांकेर मोहन मंडावी द्वारा दिनांक 13 अगस्त 2022 को दोपहर 13.35 बजे किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत करते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता ने कहा कि इस ट्रेन से सुविधाजनक कनेक्टिविटी के साथ ही साथ उद्योग, शिक्षा एवं रोजगार आदि विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं प्रबल होगी। इस अवसर पर सांसद मोहन मंडावी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते कहा कि आज का यह दिन इस क्षेत्र के लिए यादगार है । रेलवे से जन जन का जुड़ाव है इसलिए रेल यात्रियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है । छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतागढ़ रेल मानचित्र में जुड़कर त्वरित विकास की ओर अग्रसर होगा छत्तीसगढ़ की राजधानी में आवागमन में सुविधा होगी जल्दी अंतागढ़ अन्य शहरों से भी रेल मार्ग द्वारा जुड़ जाएगा जिससे यहां की जनता को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद विक्रम उसेंडी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते कहा की केवटी से अंतागढ़ के रेलमार्ग प्रारम्भ हो जाने से निश्चय ही वहा के वासियों के लिए सर्वांगिण विकास की रफतार तेज हो सकेगी और उन्हें अपनी दैनिंक जीवन की आवश्यकताओं को पूरी करने में रेल महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी । इन क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों की शुरुआत के साथ नए रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे । इसके साथ ही अब दुर्ग से होते हुए राजधानी रायपुर तक रेल सेवा से सीधे जुड़ गया ।

विधायक अनूप नाग ने ट्रेन सेवा के अंतागढ़ तक विस्तार होने पर क्षेत्र के निवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे अंतागढ़ क्षेत्र के वासियों बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है । अंतागढ़ से चली पहली ट्रैन में पहला टिकट अंतागढ़ निवासी शिराज उद्दीन जी ने अंतागढ़ से दुर्ग का लिया।

अंतागढ़ के स्थानीय निवासियों में ट्रेन चलने का काफी उत्साह रहा बच्चे बुजुर्ग सभी ने ट्रेन की यात्रा का आनंद उठाया आज पहले दिन लगभग 144 टिकट की बिक्री हुई जिससे 10085 राजस्व प्राप्त हुआ। ट्रेन नंबर 08818 के साथ यह ट्रेन प्रतिदिन अंतागढ़ से 13.35 बजे रवाना होकर 16.40 बजे दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में 08815 ट्रेन नंबर के साथ यह ट्रेन प्रतिदिन 09.15 बजे रायपुर से रवाना होकर 13.25 बजे अंतागढ़ स्टेशन पहुंचेगी ।

# जिले में संसदीय सचिव इन्द्रशाह मंडावी करेंगे ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय नारायणपुर के बालक हायर सेकंडरी स्कूल मैदान में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण मनाने के लिए आज अंतिम रिहर्सल किया गया नारायणपुर जिले में संसदीय सचिव इन्द्रशाह मंडावी मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे । अंतिम रिहर्सल में पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप वैद्य, राम सिंह सोरी और जिला स्तरीय अधिकारी और पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने निभाया। कार्यक्रम में बच्चों ने बेंड में देशभक्ति की धुन के साथ सुन्दर और आकर्षक प्रस्तुति दी गई जिसकी सभी अधिकारियों ने सराहना की और स्कूली बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी और नगरीय निकाय के अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था व निमंत्रण पत्र, साउण्ड, पानी, बिजली, साफ-सफाई, गाड़ी पार्किंग, प्रवेश द्वार, परेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। मुख्य अतिथि के द्वारा संदेश का वाचन किया जाएगा साथ ही कोरोना वरियर्स, डॉक्टरों, पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

# एनएमडीसी सीआईएसएफ जवानों ने निकाला, तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता ‹ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल स्थित एनएमडीसी परियोजना की सुरक्षा में कार्यरत सीआईएसएफ जवानों द्वारा शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाला गया।बता दें इस वर्ष सम्पूर्ण राष्ट्र आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है जिसके तहत जवानों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। यह यात्रा बीआईओपी स्कूल से प्रारम्भ होकर सीआईएसएफ चेक पोस्ट में समापन हुई। जिसमें एनएमडीसी के अधिकारियों कर्मचारियों, सीआईएसएफ जवान तथा बीआईओपी स्कूल, डीएवीं पब्लिक स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार, उपमहाप्रबंधक बी के माधव, एसकेएमएस सचिव राजेश संधू, अध्यक्ष के साजी, इंटक अध्यक्ष विनोद कश्यप, सीआईएसएफ कमांडेंट मनमोहन सिंह यादव, बीआईओपी स्कूल के प्राचार्य अरुमय विश्वास उपस्थित थे।




# आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में घर-घर तिरंगा अभियान के तहत निकली रैली

पायनियर संवाददाता ‹ भानूप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल मुंगवाल द्वारा सुना राम तेता जनपद उपाध्यक्ष तथा महेश कुमार उईके सरपंच मुंगवाल की अगुआई में हमर तिरंगा यात्रा निकाली गई। अब हमने ये ठाना है ,घर तिरंगा लहराना है, हम सबका एक ही नारा , भारत बने महान हमारा आदि नारों के साथ ग्राम की गलियों में भ्रमण करते लोगों को, दुकानों में चौक चौराहों में राष्ट्रीय स्वाभिमान को जागरूक करने,प्रत्येक घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने लोगों को अपील निवेदन किया गया। जनपद उपाध्यक्ष ने अमर वीर सपूतों का स्मरण करते हुए संबोधित किया कि तिरंगा हमारी शान है, ये केवल हमारी ही नही बल्कि मातृभूमि की भी अमित पहचान बन गई है, इसे न झुकने देना है न गिरने देना है। सरपंच ने कहा कि हम सब आजाद भारत में जन्म लिए है लेकिन आजादी के संघर्ष को पढ़कर,सुनकर हमे गर्व होता है किए हमारे पूर्वजों ने तिरंगे की मान को कैसे अक्षुण्ण बनाए रखा। संस्था प्रमुख टिकेश ठाकुर ने इस प्रकार राष्ट्रीय गौरव के अन्य कार्यक्रम लगातार कराए जाने की बात कही। इस तिरंगा यात्रा में प्राथमिक प्रधान पाठक सुनाराम कुलदीप, व्याख्याता गण सुखनंदन पददा,ब्यास नारायण पैकरा, मनोज निर्मलकर,तोरण चंद्रवंशी, निर्मल लेंडिया, शिक्षिका नोकेश्वरी तरेता, रंजना ध्रुव, शैक्षिक समन्वयक लिलेश्वर कुलदीप आदि शामिल हुए।

# बीएसएफ के जवानों ने तिरंगा रैली निकाल कर घर-घर झंडे लगाने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री द्वारा देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देश के प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर इसे सफल बनाने का आग्रह किया गया है। इसी के तहत आज भानुप्रतापपुर नगर में बीएसएफ सुरक्षा बल की 81वीं बटालियन के जवानों द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। डीआईजी तेजेंदर पाल सिंह सिद्धू ने बिरसमुंडा प्रतिमा स्थल से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया जो बस स्टैंड एवं भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक होते हुए महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल से होकर हाई स्कूल मैदान पर समापन हुआ। रैली में जवानों ने आमजन को प्रत्येक घर में तिरंगा लगाने की अपील की। तेजेंदर पाल सिंह सिद्धू उपमहानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय भानुप्रतापपुर व 81 वीं वाहिनी के सभी अधिकारीगण तथा सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों तथा पुलिस विभाग के अधिकारी, बच्चों एवं नगर के लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर रैली निकाली। डीआईजी तेजेंदर पाल सिंह सिद्धू ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन के दिलों में देशभक्ति की भावना को जाग्रत करने के साथ तिरंगे से जुड़ाव को गहरा करना है। पूरा भारत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा साथ ही आमजन को देश प्रेम का संदेश दिया गया। तिरंगा रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा फहराने को लेकर आमजन को जागरुक किया गया। इस अवसर पर तेजेंदर पाल सिंह सिद्धू उपमहानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय भानुप्रतापपुर, अनंत सिंह समादेष्टा ममलेश यादव 81 वीं वाहिनी, भानुप्रतापपुर के एसडीओपी प्रशांत पैकरा, डॉक्टर अखिलेश ध्रुव बीएमओ व स्टाफ, रवीन्द्र कुमार मैनेजर एसबीआई बैंक व स्टाफ,थाना प्रभारी तेज वर्मा, प्राचार्य पीआर भारद्वाज, सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चो एवं स्टाफ तथा नगर के व्यपारी एवं गणमान्य नागरिकों ने हर घर तिरंगा अभियान में पूरे जोश एवं हर्षोल्लास से भाग लिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण समाप्त किया

**पखांजुर।** राष्टीय लोक अदालत के दिवस मे सिविल कोर्ट पखांजुर मे क्रिमिनल काउंटर प्रकरण विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाप्त किया गया। शासन विरूद अभिजीत देवनाथ वाले प्रकरण मे प्रशांत राजवंशी अधिवक्ता, शासन विरूद्ध स्वपन बैनर्जी बाले प्रकरण मे गोपाल शील उपस्थित थे प्रकरण मे भा. द. स कि धारा 294 323 506 लगी थी। दोनो अधिबक्तायो के द्वारा समझाने पर दोनो पक्षो के द्वारा मामला स्वेच्छा से समाप्त किये जाने कि बात कही गई, उसके पश्यात् पिठासीन अधिकारी न्यायिक दंण्डाधिकारी प्रथम क्षेणी रविकुमार कश्यप जी के द्वारा विडियो काल से बात कर राजीनामा हेतु स्वीकृति लिया गया, तत् पश्यात लोक अदालत के वकिल गिरिश परामानिक के द्वारा भी दोनों पक्षों के स्वीकृति लेने के पश्यात अंतिम रूप से प्रकरण समाप्त कर दिया गया।



## एनएमडीसी में नौकरी एवं प्रमोशन का झांसा देकर ठगी





**किरन्दुल।** पुलिस ने एनएमडीसी में नोकरी तगानो और जो नौकरी कर रहे उन्हें प्रमोशन देने का झांसा देने वाले आरोपियों को गिरफ्ततार किया है। किरन्दुल के अपराध जिसमें आवेदिका निवासी किरन्दुल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सुपरवाईजर के पद पर प्रमोशन हेतु एवं उनके पुत्र का एनएमडीसी में नौकरी लगाने के नाम पर कुल 10 लाख रूपये का ठगी की गई थी।जिस पर पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में निरीक्षक जितेन्द्र ताम्रकार द्वारा थाना किरन्दुल से उप निरीक्षक शशिकांत टंडन,उप निरीक्षक रेवा राम साहू तथा आरक्षक भोजराम की टीम बनाकर आरोपी पता तलाश हेतु मध्यप्रदेश रवाना किया था जो टीम द्वारा आरोपी कुन्दन सिंह पाटले पिता स्व. पंचम सिंह पाटले उम्र 37 वर्ष निवासी सेतगांव,जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश एवं दलबीर सिंह परस्ते पिता चैन सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी शोभागांव,डिंडौरी मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर माननीय न्यायालय के आदेश पर जिला जेल दंतेवाड़ा में दाखिल किया गया है।

## हर घर तिरंगा फहराने मदीना मस्जिद में राष्ट्रीय ध्वज का वितरण

**किरंदुल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा हर घर झंडा घर-घर तिरंगा का फहराने का निर्णय लिया गया।बता दे सुन्नी मदीना मस्जिद किरंदुल में आज मुस्लिम समुदाय ने हर घर तिरंगा के अभियान को सराहा और समुदाय के लोगों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया साथ ही अपील की वे अपने घर में ऊंचे स्थान पर भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लगाये।यंग कमेटी के एस एच अजहर ने बताया हमारी जान है तिरंगा हमारी शान है तिरंगा क्या क्या बोलूं मैं क्योंकि मेरी पहचान है तिरंगा उन्होंने आगे कहा कि सभी 13 से 15 अगस्त तक अपने घर मे तिरंगा लहरायें एवं उत्साह एवम उमंग के साथ 75 वां स्वतंत्रता दिवस मनाएं।






## राजधानी रायपुर में भोजली विसर्जन

राजधानी रायपुर में लोधी समाज के द्वारा स्टेशन रोड लोधीपारा सर्किल में समाज के पारंपरिक त्यौहार भोजली का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से रैली गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें समाज की महिला, पुरूष, बच्चों एवं युवा साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में सर्किल के अध्यक्ष तेज सिंह जंघेल के नेतृत्व में युवा संगठन की प्रमुख योगदान रहा जिसमें प्रमुख रूप से युवा संगठन मंत्री प्रकाश जंघेल, अमित जंघेल संस्कृतिक सचिव, धीरज जंघेल उपकोषाध्यक्ष एवं प्रचारसचिव गौतम जंघेल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महिला समिति के जिलाध्यक्ष लता जंघेल एवं सर्किल अध्यक्ष संध्या जंघेल, तारा जंघेल, सविता जंघेल एवं पदाधिकारीगण और समाज के महिला समिति की विशेष भागीदारी रही जिन लोगों ने सिर पर भोजली लेकर पूरी रैली में अपनी साहस और शौर्य की परिचय देते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। अंत में जिलाध्यक्ष अधीन जंघेल, उपाध्यक्ष नरेन्द्र जंघेल, महासचिव दीपक जंघेल एवं समाज के अनेक गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन एवं आभार व्यक्त किया गया।

# श्री राम जानकी मंदिर से पूजा अर्चना कर भारत जोड़ो पद यात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तिल्दा नेवरा में भारत जोड़ो पद यात्रा का तृतीय दिवस सासाहोली स्थित गांधी चौक से श्री राम जानकी मंदिर से पूजा अर्चना कर जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण धोराम वर्मा, पाठक पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश संयुक्त महामंत्री राम गिडलानी, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवा दास टंडन, के द्वारा नारियल फोड़ कर पदयात्रा प्रारंभ किया गया। पदयात्रा गांधी चौक सासाहोली से रेस्ट हाउस मिशन कॉलोनी मवाली मंदिर तिल्दा बस्ती, कृष्णा नगर शिक्षक कॉलोनी, खूबचंद बघेल चौक से दीनदयाल उपाध्याय चौक, स्टेशन चौक, दुर्गा मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर तिल्दा से अमर शहीद हेमू कल्याणी चौक, सिंधी कैंप अग्रसेन चौक से सुभाष चौक एवं गांधी चौक के बाद श्री गुरु घासीदास चौक तक निकाली गई एवं सभी धार्मिक स्थल व सभी चौक पर नारियल फल चढ़ा कर पूजा अर्चना कर कांग्रेस भवन तिल्दा में इस पदयात्रा का समापन किया गया।

इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा जी,पूर्व विधायक बलौदाबाजार जनक राम वर्मा पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति धर्मगुरु युवराजगुरु गुरु खुशवंत साहेब जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा जी,प्रदेश संयुक्त महामंत्री राम गिड़लानी शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा नेवरा के अध्यक्ष देवादास टंडन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण के अध्यक्ष बलदाऊ साहू ,एल्डरमैन स्वेजा परवीन, जिला सचिव नीरज राठी, मंडी के व्यापारी प्रतिनिधि सुनील सोनी,बाल संरक्षण आयोग कीं सदस्य आशा यादव, सभा पति लक्ष्मीनारायण वर्मा, अजितेस शर्मा,गोवर्धन यदु, नरोत्तम यदु, जितेंद्र ध्रुव, विजय हरिरामानी, एल्डरमैन राहुल तेजवानी, प्रकाश मेघानी, नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण धर्मेंद्र वर्मा, डिगेश्वर वर्मा,एल्डरमैन दिलीप देवांगन, दुर्गेश नशीने, निर्मल सोनी, दिनेश सोनी, विश्राम चक्रधारी,श्याम वाधवा, अमजद खान,अनिल सिंह, प्रशांत गुप्ता, विनोद सोनी, साहू,हिमांशु दीक्षित,अनूप रवानी, राजेश जेठवानी,योगेन्द्र पटेल, प्रमोद वर्मा, माखन साहू, बलदाऊ वर्मा, बलराम वर्मा, लेखराम वर्मा, रेखराज देवांगन, अशोक कश्यप, मनराखन भोजवानी, रमेश गेंडारे, पार्वती बघेल, सोनिया टण्डन, मोहर निषाद, फरीदा खान, आबिदा बी, जानू बी, ताज बी, रेवाराम निर्मलकर, भागीरथी,कमला साहू, मुन्नी देवांगन, जानकी निषाद, कुमारी निषाद, साहिन निषाद, परमिला निषाद, परमेश्वरी, सतरूपा निषाद, चाँद बी, नंदनी निषाद, कुँवरिया निषाद, संतु निषाद, धनेश्वरी निषाद, सेवती निषाद, उमा निषाद हेमकली निषाद, उर्मिला निषाद, दुलारी निषाद, मुन्नी निषाद, रामबती,दुकलही निषाद, राजकुमारी कर्रा, जानकी,परमेश्वरी, राजा निषाद, हेमलता टण्डन, शैलकुमारी सोनवानी, लक्ष्मी सत्या, चंद्रिका गेंडे, रूपा चौधरी, चन्द्रिका भारती, रामबती नट, कोदी नट, योगेश टण्डन, रोहित सोनवानी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता गण शामिल हुए।

# जलग्रहण विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनांतर्गत ग्राम गनियारी में वृहद क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




ग्राम गनियारी विकासखंड तिल्दा में जलग्रहण विकास घटक 2.0 प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत वृहद एक दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजू शर्मा सभापति कृषि स्थायी समिति, कु. झरना वर्मा जनपद सदस्य, जी.एस.यादव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड तिल्दा, अनिल सनाढ्य, सांख्यिकी अन्वेषक कर्यालत उप संचालक कृषि रायपुर, रेणुका साहू सरपंच ग्राम पंचायत गनियारी, राजिम पोर्ते सरपंच ग्राम पंचायत मुड़पार, डॉ. तेजराम पाल सरपंच ग्राम पंचायत अड़सेना, भागवत प्रसाद धीवर सरपंच ग्राम पंचायत पिकरीडीह, विजय मारकण्डेय उप सरपंच अड़सेना, खुबीराम वर्मा पूर्व सरपंच गनियारी, भागीरथी वर्मा अध्यक्ष ग्रामसभ, धनेन्द्र वर्मा एवं राजेन्द्र खुटे वरिष्ठ नागरिक गनियारी,चन्द्रशेखर वर्मा अध्यक्ष गोठान समिति,रजनी वर्मा उप सरपंच गनियारी, विमला वर्मा एवं बहेसरिन वर्मा वरिष्ठ महिला नागरिक एवं ग्राम गनियारी, पिकरीडीह, मोहदा, असौंदा, तिल्दाडीह, बंगोली, मटियाडीह, अड़सेना, बरौंडा, सारागांव, माठ, मुड़पार के कृषकगण उपस्थित रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. राजेश अग्रवाल विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर द्वारा वाटरशेड की जानकारी जल का महत्व, संरचना द्वारा जलसंरक्षण कर फसल उत्पादन करने की विस्तृत जानकारी दी गई। सरकार वरिष्ठ उद्यान अधीक्षक उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी उत्पादन, वृक्षारोपण, बाड़ी विकास एवं उद्यानिकी विभाग के समस्त योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। एन.के. बंछोर मत्स्य निरीक्षक, मत्स्यपालन विभाग द्वारा मछलीपालन के तरीके एवं उनके लाभ व समस्त विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। व्ही.पी. यादव पशुचिकित्सक सहायक शल्य, पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुपालन एवं विभागीय योजनाओं की समस्त जानकारी दी गई।

## वृक्षारोपण एवं घर-घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन



**तिल्दा-नेवरा।** नेहरू युवा केंद्र रायपुर जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी के मार्गदर्शन में भारती साहू के द्वारा ब्लॉक तिल्दा के ग्राम बहेसर में वृक्षारोपण तथा हर घर तिरंगा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आज़ादी के 75 वी वर्षगांठ को पूरे देश में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, इसी महोत्सव में शामिल होते हुए अपने गांव के सभी घरों में तिरंगा फहराने के साथ ही पूरे गाँव को हरियाली से भर देने का संकल्प लेते हुए गाँव के बुजुर्ग, युवा तथा बच्चों द्वारा गाँव के उच्चतर माध्यमिक स्कूल में तथा तालाब के किनारों पर वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी जी भी शामिल रहे, साथ ही ग्राम के युवायो के साथ, मंडल उपाध्यक्ष फाल्गो राम वर्मा, लखन वर्मा, गोवर्धन चंद्रवंशी, सरपंच,मंजू सिंह ठाकुर, घसनिंन साहू व स्कूल के प्रिंसिपल डहरिया और सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

## भोजली विसर्जन हर्षोल्लास के साथ गांव-गांव में किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



सावन माह के बाद भादों लगते ही या यों कहें रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाए जाने वाला छत्तीसगढ़ का लोक पारंपरिक पर्व भोजली विसर्जन हर्षोल्लास के साथ गांव-गांव में किया गया । भोजली पर्व सुख शान्ति के साथ साथ अच्छी फसल का प्रतीक माना जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में गॉव के महिलाएं उगे हुए गेंहू दाना पौधा को देवी मानकर विसर्जन के कुछ दिन पहले टोकरी एवं अन्य चीजों में बोए रहते नियत तिथि पर हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना कर गॉव स्थित तालाब एवं नदियां में पूरे बाजे गाजे में नाचते गाते हुए विसर्जन कर सुख समृद्धि, हरियाली ,एवं अच्छी फसल की कामना करते हैं। भोजली को गांव के छोटे छोटे बच्चों ने भी पकड़ कर तालाबों में विसर्जित किये। गौरतलब हो कि भोजली का पर्व जंहा लोक परम्परागत है वहीं आस्था एवं श्रद्धा का पर्व है।भोजली हाथ में लिए बच्चों में ध्रुव कैवर्त, त्रेयश कैवर्त,लोकु कैवर्त ,सहित अन्य बच्चों ने बताया कि भोजली विसर्जन में बहुत आनंद आया, बाजे में नाचने में आनंद आया सहित जानकारी दिये।भोजली विसर्जन जाते वक्त महिलाओं द्वारा लोकगीत देवी गंगा देवी गंगा, लहर तुरंगा गीत गाते हुए दिखे ।

# कृष्ण कुंज की तैयारी जोरों पर कलेक्टर ने लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल में जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम कुकरदी में वन विभाग द्वारा बनाएं जा रहें कृष्ण कुंज उद्यान का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक झा,अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता एवं डीएफओ के आर बढ़ई भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को राज्य शासन से प्राप्त गाइडलाइंस के अनरूप शीघ्र ही कार्य पूरा करनें के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि शहरी क्षेत्रों में कृष्ण कुंज नाम से वन विभाग द्वारा गार्डन विकसित किया जाना है। जिसका शुभारंभ कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर की जाएगी। इसके लिए जिले सभी नगरीय निकायों में भूमि का चिह्नांकन कर लिया गया है। कृष्ण कुंज में वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रजाति के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। इससे पौधे के संरक्षण और विकास के साथ ही नगर वासियों को स्वच्छ वातावरण में घूमने-फिरने और आराम करेने की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर ने उक्त स्थलों पर नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग से कृष्ण कुंज तक पहुंच मार्ग और मुख्य द्वार बनाने तथा समुचित रूप से जल निकासी के निर्देश दिए है।

# प्रेस क्लब यूनियन ने तहसीलदार को गुलदस्ता, श्रीफल-शॉल भेंटकर स्वागत किया

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



तत्कालीन तहसीलदार लवन चित्ररेखा चंद्रवंशी का अन्यत्र स्थनांतरित होने के बाद वर्तमान तहसीलदार लवन के रूप में कुनाल पाण्डेय ने शुक्रवार 12 अगस्त को पदभार ग्रहण किया। प्रेस क्लब यूनियन लवन के पत्रकारों ने गुलदस्ता, श्रीफल एवं शॉल भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब यूनियन लवन के प्रमुख सलाहकार गोलू कैवर्त, सदस्यों में खगेन्द्र जायसवाल, विनोद पटेल,अश्विनी कठोत्रे, ताराचंद कठोत्रे,सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।वही वर्तमान तहसीलदार कुनाल पांडेय ने गोलू कैवर्त से चर्चा करते हुए बताया कि उनका दायित्व राजस्व प्रकरण के मामलों को शीघ्र निराकरण कर जनता को हित प्रदान करने की दिशा में प्रमुख फोकस रहेगा।तहसील लवन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों के किसानों एवं नगर वासियों के समस्याओं को निराकरण करना, जन सरोकार की कार्यों को गति प्रदान करने के साथ साथ उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करते रहने की बात कहा ।आगे उन्होंने यह बात भी कहा कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले किसी भी कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा कि बात मीडिया कर्मियों के बीच साझा किया।

# जनभागीदारी सदस्य नरेश केसरवानी ने बांटा बच्चों को टाई, बेल्ट




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

रघुनाथ प्रसाद केसरवानी शासकीय उत्तर बुनियादी प्राथमिक (बेसिक) शाला में जनभागीदारी सदस्य नरेश केसरवानी द्वारा पहली से पांचवीं के बच्चो को टाई व बेल्ट प्रदान किया गया, इस अवसर पर प्रधान पाठिका कविता चंद्राकर , रीटा केसरवानी पार्षद वार्ड नंबर 6, डागेस्वर पैकरा सर, चोवा साहू सर, दौलत वर्मा सर, फार्निविश साहू सर, दीवान मैडम, जांगडे मैडम उपस्थित थे।

## श्री अखंड रामनाम सप्ताह का समापन 20 को हवन पूजन व भव्य शोभायात्रा के साथ होगा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जय रघुपति राघव राजा राम, जय पतित पावन सीताराम। 13 अगस्त से शुरू हो गई है, यह गूंज, 20 अगस्त तक शहर सहित, ग्रामीण अंचलों तक सुनाई देगी। आयोजन की तैयारियों के बीच सुखद खबर यह कि इस बरस भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। 83 बरस पूरा करने के बाद 84 वें साल में प्रवेश कर रहा श्री अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन, पूरी गरिमा और भव्यता के साथ होगा। बेहद सीमित संसाधन के साथ 1938 में जब इस आयोजन की नींव रखी गई तब, शायद सोचा भी नहीं गया होगा कि निरंतरता को गति मिलती रहेगी। 2022 में 84 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा यह आयोजन, अब छठवीं पीढ़ी के हाथों में जाने के लिए तैयार है, उसी श्रद्धा और भक्ति के साथ, जैसे पहले के वर्षों में था। 13 अगस्त से शुरू हो रहे श्री अखंड रामनाम सप्ताह का समापन 20 अगस्त को हवन पूजन व भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। समापन दिवस पर शोभायात्रा अपने पुराने रूट पर निकलेगी जिसमें बड़ी संख्या में भक्त व श्रद्धालु शामिल होंगे।

# बरसते पानी के बीच हुआ स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

**अपर कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण, कलेक्टर एवं एसपी ने लिया तैयारियों जायजा**

स्वतंत्रता दिवस जिले में हर्षोल्लास के साथ गरिमापूर्वक मनाया जाएगा। जिले में आयोजित मुख्य समारोह के लिए बलौदाबाजार शहर के पं.चक्रपाणि हाई स्कूल मैदान में मैदान आज सुबह 9 बजे बरसते पानी के बीच अंतिम रिहर्सल किया गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कलेक्टर रजत बंसल एवं पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विशेष रूप से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों कहा कि जिले में लगातार बारिश हो रही है उस हिसाब से बैठक सहित अन्य व्यवस्था के समुचित तैयारी के निर्देश दिए है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में पुलिस के द्वारा मार्चपास्ट किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एनसीसी के बच्चे भी शामिल होंगे। इस अवसर पर डीएफओ के आर बढ़ई,सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

## नवागांव स्टापडेम निर्माण के लिए 1.91 करोड़ की स्वीकृति

**रायपुर।** जल संसाधन विभाग मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के सक्ती विकासखण्ड अंतर्गत नवागांव स्टापडेम निर्माण के लिए 1 करोड़ 91 लाख 31 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता हसदेव कछार बिलासपुर को प्रदान की गई है।

## निधन
### अशोक माहेश्वरी

**बलौदाबाजार।** बलौदा बाजार के प्रतिष्ठित नागरिक अशोक माहेश्वरी का आकस्मिक निधन हो गया जिन का अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया वे नेमी माहेश्वरी सुशील माहेश्वरी के बड़े भाई तथा विकास एवं पवन माहेश्वरी के पिता थे।

# चाकू की नोक पर व्यापारी से नगदी की लूट, चार गिरफ्तार, भेजे गए रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



चाकु की नोक पर व्यापारी से दस हजार रूपये नगदी की लूट करने के मामलें में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना शहर के दिनदयाल कालोनी क्षेत्र में दिनदहाड़े घटित हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार कल दोपहर दीनदयाल कालोनी में रहने वाला मोहम्मद अंजर (30) थाना कोतवाली आकर दोपहर करीब 02 बजे थाना कोतवाली आकर बताया कि न से घर आते वक्त कालोनी के पहले सुनसान स्थान में दिनदयाल कालोनी के नरेश साहू और उसके तीन साथी गाली गलौच, मारपीट कर चाकू दिखाकर 10,000 रूपये लूटकर भाग गये।

थाना प्रभारी कोतवाली अपने स्टाफ के साथ पीड़ित को साथ लेकर घटनास्थल पहुंचे, घटना की तस्दीक कर पीड़ित से विस्तृत पूछताछ किये। घटना का वृत्तांत बताते हुए पीड़ित मोहम्मद अंजर बताया कि उर्दना तिराहा तिरूपति पेट्रोल पंप के पास इलेक्ट्रिकल का व्यवसाय है। प्रतिदिन की तरह दोपहर करीब 02 बजे दोपहर का खाना खाने अपने मोटर सायकल में घर जा रहा था कि दिनदयाल कालोनी के बाहर सुनसान जगह पर मोहल्ले के राम प्रसाद सारथी, नरेश साहू, राजेन्द्र चैहान व भीमा खुंटे रोके, नरेश साहू चाकू निकालकर दिखाते हुए मारने का एक्शन करते हुए बोला कि आज कल बहुत पैसा कमा रहे हो। इतनें में पीछे से भीमा खुंटे जेब में रखे 10000 रूपये को निकाल लिया, चिल्लाने शोर मचाने पर परिचित नीरज कुमार और मोहमद आवेश वहां पहुंच गये। उनके देखकर वे लोग भागने लगे नीरज उनको पकड़ने का प्रयास किया तो नीरज को भी मारपीट किये। घटना के संबंध में आरोपियों पर थाना कोतवाली में अपराध कायम किया गया।

अपराध कायमी के तत्काल बाद कोतवाली टीआई मनीष नागर के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक दिलीप बेहरा एवं स्टाफ द्वारा आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दिया गया। चारों पुलिस की धरपकड़ देख फरार होने की फिराक में थे जिन्हें घेराबंदी कर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू, डंडा व लूट गई रकम से शेष रकम 5000 जप्त कर आरोपी नरेश साहू पिता ईश्वर लाल साहू उम्र 24 वर्ष,राम प्रसाद सारथी पिता बाबूलाल सारथी 28 वर्ष ,राजेंद्र चैहान पिता जय लाल चैहान उम्र 25 वर्ष तीनों निवासी ढिमरापुर चौक दीनदयाल कॉलोनी रायगढ़,भीमा खुंटे पिता रामप्रताप खुंटे 29 वर्ष निवासी ढिमरापुर चैक पुरानी बस्ती थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## कलेक्टर ने की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की अपील

**मुंगेली।** जिले में लगातार बारिश के कारण नदी, नालों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सभी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिले के सभी प्राथमिक, उप और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मौसमी बीमारियों सहित अन्य आवश्यक दवाईयां भंडारण व वितरण करने और थाना प्रभारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सतत भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि बारिश को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जा रही है, फिर भी सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि सुरक्षा दृष्टि से उफनती नदी, नालों के समीप ना जाएं और न हीं नदी, नालों को पार करें। वर्षा ऋतु में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने की आशंका और प्राकृतिक तथा नैसर्गिक घटनाओं में तात्कालिक राहत प्रदान करने एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला कलेक्टोरेट मुंगेली के कक्ष क्रमांक 116 में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने 15 अगस्त को स्थानीय हाई स्कूल मैदान में स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया। कलेक्टर ने ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गीत पर आधारित धुन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों का सम्मान, पुरस्कार वितरण के पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया। उन्होंने व्हीआईपी गणमान्य, नागरिकों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आम लोगों की बैठक की व्यवस्था, आम जनों के प्रवेश-निकास की व्यवस्था आदि का सघन निरीक्षण किया और स्वतंत्रता दिवस समारोह के सभी कार्यक्रमों के गरिमामय आयोजन के मद्देनजर अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

### कोविड प्रोटोकॉल पालन के निर्देश

कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल में प्रवेश द्वार पर सैनिटाइजर की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगंतुकों से अनुरोध कर कहा है कि वह कार्यक्रम स्थल पर मास्क पहनकर आएं और 2 गज की दूरी बनाए रखें। कलेक्टर ने समारोह स्थल के सभी पॉइंट पर कोविड-19, प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## जिले में 669 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 12 अगस्त तक 669 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 24.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 759.2 मिली मीटर, पुसौर में 832.8, खरसिया में 659.8, सारंगढ़ में 929.4, बरमकेला में 673.3, घरघोड़ा में 534.2, तमनार में 707.5, लैलूंगा में 582, धरमजयगढ़ में 608.8, सरिया में 603.5 एवं छाल में 469 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# बारिश से मुंगेली जिले का जलस्तर बढ़ा



**मुंगेली।** जिले में हो रही लगातार 2,3 दिनों से बारिश से मुंगेली जिले का जलस्तर काफी बढ़ गया है जिस के कारण मुंगेली की जीवनदयानी आगर नदी सहित आसपास के सभी नदी नाले उफान पर आ गए हैं जिसमें नदी के किनारे रहने वाले गरीब तपते के लोगो के घर में पानी घुस गया है जिसके कारण इस परिवार के रहने के साथ साथ खाने पीने में भी दिक्क त आ रही थी। वही स्थिति का जायजा लेने मुंगेली नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी के साथ नगर पालिका की पूरी टीम ने सुबह से ही लोगो के खाने पीने और रहने के लिए व्यवस्था करने लगे। मुंगेली नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी सहित नगर पालिका पार्षद और नगर पालिका की पूरी टीम लोगो को रेस्क्यू करने में लगी रही है। बाढ़ से प्रभावित लोगों को रहने के लिए एवं खाने पीने के लिए इनके द्वारा आश्रम स्थल नया बस स्टैंड में इंतजाम किया गया। साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां के लोग खाना खाने नहीं जा सकते उनके लिए नगरपालिका की टीम पार्षद एवं पार्षदों के द्वारा घर घर जाकर खाने पर बैठने की व्यवस्था की गई इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी सहित नगर पालिका की पूरी टीम और पार्षद गण निवास सिंह, राहुल कुर्रे, सोम वर्मा, प्रभु मल्लाह संजय यादव, एवं जिला प्रसाशन की टीम मौजूद रही।

# नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, 1 आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी करने वाले 01 आरोपी को थाना बाराद्वार पुलिस ने चंद घंटों में किया गिरफ्तार आरोपी द्वारा नौकरी लगाने के नाम से 617000 हजार रूपये की धोखाधड़ी की गई सआरोपी को दिनांक 12 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। प्रार्थी ताराचंद सिदार उम्र 30 वर्ष निवासी भोथीडीह द्वारा दिनांक 12 अगस्त को थाना बाराद्वार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4-5 वर्ष पूर्व ग्राम बाराद्वार बस्ती निवासी पवन गुप्ता प्रार्थी के छोटे भाई हरिश कुमार सिदार की नेवी में नौकरी लगवाने के नाम से 367000 रूपये की मांग किया था। नौकरी नहीं लगने से प्रार्थी ताराचंद सिदार द्वारा पवन गुप्ता से अपने पैसे की मांग करने पर आरोपी द्वारा पचास हजार रूपये को वापस किया था एवं शेष रकम 317000 रुपये को वापस करने के लिए बोलने पर टाल मटोल कर वापस नहीं किया था। आरोपी द्वारा संतोष कुमार आनंद निवासी अकलसरा से भी नौकरी लगाने के नाम पर 250000 रुपये की ठगी किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बाराद्वार में धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी के द्वारा नौकरी लगाने की नाम से रुपये लेकर ठगी करना पाया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी पवन कुमार गुप्ता निवासी बस्ती बाराद्वारा को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने एवं नौकरी लगाने के नाम से ठगी करना पाये जाने पर आरोपी को दिनांक 12 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# पैदल मार्च कर लोगों को घर-घर तिरंगा फहराने के लिए किया जागरुक



पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

सी / 227 वी वाहिनी के प्रांगण में देश के 75वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महाउत्सव पर ग्राम कोयलामटटी तक पैदल मार्च कर लोगो को जागरुक किया और हर घर-घर में तिरंगा फहराया। इसके साथ ही स्कूल व अन्य सरकारी संस्थाओं में भी पहुंचकर तिरंगा अभियान को सफ्ल बनाने के लिए जागरुक किया। जिससे लोगो में देश के प्रति प्रेम कि भावना को बढाया जा सके और तिरंगे के सम्मान के बारे में भी ग्रामीणो को अवगत कराया गया। भारत सरकार के इस कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने के लिए सी/ 227 वी वाहिनी द्वारा गांव-गांव पैदल मार्च कर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस अभियान के तहत सी/227 वी वाहिनी के जवानो ने आज तिरंगे के साथ समवाय मुख्यालय से ग्राम कोयलाभटटी तक पैदल मार्च कर इस मुहिम से जुड़कर अपने घरो में तिरंगा फ्हराने की लोगो से भी अपील की। उक्त कार्यक्रम पी0 मनोज कुमार कमाण्डेंट 227 वी वाहिनी के0रि0पु0बल के मार्गदर्शन में कम्पनी कमाण्डर निरीक्षक / जीडी0 प्रवेश कुमार समेत अन्य जवानो की मौजूदगी में सम्पन्न हुई।

# जीएससी मॉडल कान्वेंट छात्र/ छात्राओं ने हर-घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट स्कूल, जैजैपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र/ छात्राओं ने आज़ादी का अमृत महोत्सव हर- घर तिरंगा अभियान के तहत हर- घर तिरंगा जागरुकता रैली विद्यालय प्रांगण से नगर में घुमाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नगर में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली में स्लोगन के माध्यम से अपने घरों में 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कदम का उद्देश्य है की लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करना और राष्ट्र निर्माण के लिए अथक प्रयास करने वालों के योगदान को याद करना है। संचालक गुलाब सिंह चन्द्रा, प्राचार्य निशा चन्द्रा, प्राचार्य विजय कुमार यादव, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी हेमंत कुमार चन्द्रा, रासेयो सहायक कार्यक्रम अधिकारी रीमा रानी पलांगे, वरिष्ठ शिक्षक कैलाश दास, हनीफा खान, रामेश्वर प्रसाद धीवर, रेशम लाल बंजारे, संजय साहू, रासेयो इकाई के स्वयं सेवक एवं विद्यालय के छात्र/ छात्राएं उपस्थित रहें।

# आजादी की गौरव यात्रा में शामिल हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित राठौर

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



आजादी की गौरव यात्रा ग्राम जेठा से प्रारंभ होकर लवसरा रानी गांव डेरागढ़ झूमरपारा होते हुए बस्ती बाराद्वार में समापन हुआ, आज की पदयात्रा मे 12 किलोमीटर की दूरी तय किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नांकित पदयात्री शामिल हुए त्रिलोकचंद जायसवाल, साधेस्वर गबेल, गिरधर जायसवाल, अमित राठौर, राजीव जायसवाल, रूपनारायण साहू, कन्हैया कवंर, प्यारे लाल पटेल अमर सिंह लेख राम राठौर धनेश्वर साहू उमेश साहू धनीराम महंत हेमु सोनी भूपेंद्र सिंह अमलडीहा सरपंच सरपंच झूमर पारा सरपंच जेठा मनीष साहू एवं अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# चोरी का डीजल पम्प व 5 बैटरी के साथ तीन पकड़ाए

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय से सटे चंद्रपुर से मोटर पंप व बैटरी की चोरी करने के बाद रायगढ़ में इसे खपाने के लिये ग्राहक तलाश रहे तीन चोरों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का एक डीजल पंप व पांच नग बैटरी बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह मोबाइल पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को मुखबिर से सूचना मिला कि उर्दना मुख्य मार्ग पर कुछ संदिग्ध लड़के बैटरी और मोटर पंप बिक्री के लिए गैरेजवालों से चर्चा करते देखे गये हैं।

सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली थाने से सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पटेल, प्रधान आरक्षक नंदू सारथी और आरक्षक सुशील मिंज को मौके पर कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पुलिस स्टाफ द्वारा दो गवाहों को लेकर उर्दना पहुंची, जहां महफिल ढाबा उर्दना के सामने एक पंचर दुकान के पास तीन संदिग्ध युवक एक महिंद्रा कंपनी के मोटर पंप और 5 नग बड़ी बैटरी रखे हुये मिले। पूछताछ में अपना राजेश उरांव, अजय भगत और बलराम उरांव तीनों निवासी गोरखा, कोतरारोड के रहने वाले बताये जिनसे कोतवाली स्टाफ द्वारा बैटरी व मोटर पंप के संबंध में पूछताछ करने पर काफी गोलमोल जवाब के बाद आखिर तीनों बैटरी व मोटर पंप को अलग-अलग तिथियों में चंद्रपुर जिला जांजगीर-चांपा से चोरी करना स्वीकार किया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की कुल 83,000 रूपये की मशरूका जप्त कर आरोपियों द्वारा चोरी की संपत्ति रखने के युक्तियुक्त संदेह पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 41(14) 379 की कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।


**ई–नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट–4 क) (नियम 8(6)**

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492 001 के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.bankeauctions.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/सम्पत्तियों का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्रीमती रेहाना परवीन 2. श्री मोहम्मद जुहूर (प्रॉस्पेक्ट नंबर 840840) | 16–12–2020 रू. 8,33,122/– (रूपए आठ लाख तेतीस हजार एक सौ बाईस मात्र) बोली वृद्धि राशि: रू. 20,000/– (रूपए बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति पीएच नंबर 81/2, खसरा नंबर 720/5, ब्लॉक ई, प्लॉट नंबर 52, क्षेत्रफल परिमाप 1000 वर्ग फीट, अरण्य रियल एस्टेट्स, मौजा पचेडा, आरएनएम मंदिर हासौड, तहसील आरंग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत –492001 | 21–12–2021; 10–08–2022 तक कुल बकाया राशि: रू. 9,49,272/– (रूपए नौ लाख उन्चास हजार दो सौ बहत्तर मात्र) | रू. 6,78,100/– (रूपए छह लाख अठहत्तर हजार एक सौ मात्र); धरोहर राशि जमा (ईएमडी): रू. 67,810/– (रूपए सड़सठ हजार आठ सौ दस मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 24–08–2022 1100 बजे–1400 बजे | 26–08–2022 अप. 5 बजे तक | 29–08–2022 1100 बजे–1300 बजे |

भुगतान की विधि : सभी भुगतान "आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड" के पक्ष में गुरूग्राम में देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा अथवा आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किये जाने चाहिए। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 53105066294, घ) आईएफएससी कोड :– एससीबीएल0036025 अथवा पेमेंट लिंक https://quickpay.iiflfinance.com के माध्यम से

नियम और शर्तें :–
1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.bankeauctions.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यूटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.bankeauctions.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई–मेल आईडी : support@bankeauctions.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : /7291981124/25/26 तथा किसी सम्पत्ति संबंधी पूछताछ के लिए श्री जितेन्द्र गुप्ता / +91–9372258003, ई–मेल आईडी :– jitendra.gupta1@iifl.com से सम्पर्क करें।
7. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
8 एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
9. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
10. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा ।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 9 उप–नियम (1) के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : रायपुर
तिथि : 13–08–2022

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड



# कार्यालय नगर पंचायत, भटगांव जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

Phone no. 07775-268970, फैक्स नं 07775-268970, ई-मेल cmobhatgaon@rediffmail.com

क्र.2511/तकनीकी/न.पं./2022-23 भटगांव, दिनांक 12.08.2022

**// द्वितीय मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत भटगांव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रभावशील P.W.D.S.O.R. Building/Road 01/01/2015/ से कम/समान/अधिक प्रतिशत दर से 03 लिफाफा में मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 15 में प्राईमरी स्कूल से राजू घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 19.16 | दिनांक 29.08.2022 समय- 03: 00 बजे |
| 2 | वार्ड क्र. 02 में प्राईमरी स्कूल से एप्रोच रोड तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 17.96 | |
| 3 | वार्ड क्र. 10 में निरंजन विश्वकर्मा घर से संजीव पटेल घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य। | 3.77 | |
| 4 | वार्ड क्र. 10 में संजय चौधरी घर से रंजुला झा घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य। | 5.50 | |
| 5 | वार्ड क्र. 05 में पौनी पसारी में नाली निर्माण कार्य। | 5.94 | |
| 6 | वार्ड क्र. 12 कालीबाड़ी के समीप सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 1.94 | |
| 7 | वार्ड क्र. 14 में अशोक पटेल घर से अभिषेक सिंह घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 5.30 | |
| 8 | वार्ड क्र. 11 मेन रोड से छठ घाट पहुंच मार्ग तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 2.71 | |
| 9 | वार्ड क्र. 11 में विक्की सिंह घर से इरफान घर तक नाली निर्माण कार्य। | 5.83 | |
| 10 | वार्ड क्र. 14 में लाभराज घर से बाबु घर तक नाली निर्माण कार्य। | 4.37 | |
| 11 | वार्ड क्र. 14 में क्रिस्टो मोदी घर से प्रभात घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.31 | |
| 12 | वार्ड क्र. 06 में नसीम घर से पम्प हाउस तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 2.12 | |
| 13 | वार्ड क्र. 06 में पतरू घर से रमाशंकर घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 0.68 | |
| 14 | वार्ड क्र. 07 में एस.एल.आर.एम. से मेन रोड तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (शेष कार्य) | 11.22 | |
| 15 | नगर पंचायत भटगांव क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 सिवारीपारा में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.70 | |
| 16 | वार्ड क्र. 13 में प्रशांत घर से जितेन्द्र घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 2.53 | |
| 17 | वार्ड क्र. 13 में राजू पाण्डेय घर से सनोज घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 2.53 | |
| 18 | वार्ड क्र. 06 में मेन रोड से शिवमंदिर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 0.54 | |
| 19 | वार्ड क्र. 11 में गोलू फोटो कॉपी से संतोष दुकान तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.25 | |
| 20 | वार्ड क्र. 11 में सचिन घर से विनीत घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.78 | |
| 21 | वार्ड क्र. 03 में पन्ना लाल सोनी घर से नंदलाल घर तक नाली निर्माण कार्य। | 3.59 | |
| 22 | करबला के समीप सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 1.74 | |
| 23 | वार्ड क्र. 06 में पुष्पवाटिका से शमीम घर तक नाली निर्माण कार्य। | 14.33 | |
| 24 | वार्ड क्र. 03 में मेन रोड से संतु घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 8.03 | |
| 25 | वार्ड क्र. 03 में पप्पु देवांगन घर से रमेश चेरवा घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.95 | |
| 26 | वार्ड क्र. 03 में पूजा पंडाल से शंकर विश्वकर्मा घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 0.90 | |
| 27 | वार्ड क्र. 03 में संजय सिंह घर के पास नाली निर्माण कार्य। | 0.34 | |
| 28 | वार्ड क्र. 01 में संतोष घर से संधारी घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 9.17 | |
| 29 | वार्ड क्र. 14 में कमलेश कुशवाहा घर से दुर्गेश घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.61 | |
| 30 | वार्ड क्र. 14 में पोस्ट ऑफिस से मदरसा तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.10 | |
| 31 | वार्ड क्र. 15 में शैलेन्द्र सिंह घर से आर.के. पाण्डेय घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.41 | |
| 32 | वार्ड क्र. 15 में ओ.पी. यादव घर से पुखराज घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.47 | |
| 33 | वार्ड क्र. 15 में गौतम सिंह घर से स्टाफ क्लब तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 2.87 | |
| 34 | वार्ड क्र. 15 में दिलीप मंडल घर से एस.के. सिंह बघेल घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 2.09 | |
| 35 | वार्ड क्र. 15 में प्रमोद घर से एच.के. सिंह घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.78 | |

**नोटः-** उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत भटगांव**
**जिला- सूरजपुर (छ.ग.)**

## संपादकीय

# खैरात पर मतभेद


# निर्वाचन आयोग की भूमिका

**ऐसा** लगता है कि निर्वाचन आयोग राजनेताओं द्वारा 'खैरात' पर पैदा किए विवाद से स्वयं को अलग रखना चाहता है। खैरात पर भारत के निर्वाचन आयोग का दृष्टिकोण इस मुद्दे पर सहमति बनाने में सहायक नहीं सिद्ध हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में दिए अपने शपथपत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा था, 'स्थितियों के अनुसार खैरातों का समाज, अर्थव्यवस्था तथा समता पर अलग-अलग प्रभाव पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, प्राकृतिक विभीषिकाओं या वैश्विक महामारी के समय जीवनरक्षक दवायें, भोजन, पैसा, आदि प्रदान करना जीवन व अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी हो सकता है, पर सामान्य समय में उनको खैरात कहा जा सकता है।' संभवतः यह संवैधानिक संस्था स्वयं को उस जंजाल में नहीं फंसाना चाहती है जिसे राजनेताओं ने राजनीतिक क्षेत्र में पैदा किया है और इस प्रकार वह जानबूझ कर इससे बच रही है। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि उसकी टिप्पणियों से मुद्दे के समाधान में कोई सहायता नहीं मिलती है। दूसरी ओर, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का इस अनोखी रणनीति में विश्वास है कि यदि आप कोई समस्या हल नहीं करना चाहते हों तो उसे दार्शनिकीकरण कर दें और यदि यह तब भी गंभीर बनी रहे तो उसका राजनीतीकरण भी कर दें। प्रधानमंत्री द्वारा 16 जुलाई को 'रेवड़ी संस्कृति' के खिलाफ बयान देने के बाद केजरीवाल आश्चर्यजनक तर्कों से अपना बचाव करने लगे। उन्होंने पूछा कि क्या मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्यरक्षा को खैरात कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री का यह कहना ठीक है कि खैरातें आर्थिक विकास के लिए 'बहुत खतरनाक' हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि कोई इस मामले में गंभीरता से दिलचस्पी नहीं ले रहा है, यहां तक कि यह बात भारतीय जनता पार्टी पर भी लागू होती है। यह बात भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय की सर्वोच्च न्यायालय में पेश याचिका से भी स्पष्ट है जिसमें उन्होंने चुनावों से पहले 'अतार्किक खैरातों' की घोषणा पर प्रतिबंध लगाने की प्रार्थना की है।

लेकिन क्या लोगों को अदालत तभी नहीं जाना चाहिए जब वे स्वयं किसी मुद्दे का समाधान करने में विफल हो गए हों? सार्वजनिक रूप से ऐसा कुछ उपलब्ध नहीं है जिससे पता चले कि उपाध्याय या किसी अन्य भाजपा नेता ने पार्टी मंचों पर इस मामले पर चर्चा की है, ऐसे में सभी पार्टियों के बीच सहमति बनाने का सवाल ही कहां है। आखिरकार 'खैरातों' की समस्या राजनीतिक है, इसलिए इसका समाधान भी अपनी प्रकृति से राजनीतिक होना चाहिए। सच्चाई यह है कि खैरात की संस्कृति या बेलगाम लोकरंजकता सभी पार्टियों में व्याप्त है और भाजपा समेत सभी पार्टियां इसे प्रोत्साहित करती है। वास्तव में वे सभी प्रतियोगी लोकरंजकता के खेल में शामिल हैं। लेकिन यदि सभी कोई गलत काम करें तो वह सही नहीं हो जाता है। लेकिन आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल अनेक प्रकार की खैरातें बांटने पर कोई नियंत्रण नहीं चाहते हैं। उनका मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं के लिए मुफ्त बिजली या मुफ्त सार्वजनिक परिवहन कोई 'खैरात' नहीं है, बल्कि यह सरकार द्वारा समतापूर्ण समाज बनाने की दिशा में अपनी 'संवैधानिक जिम्मेदारियों' का पालन है। संविधान या उसकी प्रस्तावना के आधार पर यह कहना गलत है कि हमारे गणतंत्र के संस्थापक चाहते थे कि सरकार मुफ्त वस्तुयें व सेवायें बांटे। हमारा स्वतंत्रता संघर्ष भी खैरातों के लिए नहीं था, बल्कि यह भारत और भारतीयों को आजाद कराने के लिए था। हमें आशा है कि सर्वोच्च न्यायालय हमारे राजनेताओं को यह सरल तथ्य समझाने में सफल होगा।

# बड़ी विश्व शक्ति बनकर उभरा भारत

## भारत ने अपना पुराना वैचारिक संकोच छोड़ा है और वह विश्व स्तर पर अपनी मजबूत होती स्थिति को देखते हुए दुनिया से ज्यादा विश्वास के साथ संबंध विकसित करने को तैयार है।



**सिमरन सोढ़ी**
(लेखिका विदेश नीति विश्लेषक हैं)



**यह** वर्ष भारत की स्वतंत्रता का 75वां वर्ष है और आनन्दपूर्वाक इसका उत्सव मनाया जा रहा है। लेकिन सभी समारोहों की तरह हमें इस अवसर पर भी पीछे मुड़ कर अब तक अपनी यात्रा का लेखाजोखा लेकर भविष्य का रास्ता तय करना चाहिए। विदेश नीति एक ऐसा क्षेत्र है जहां आमतौर से लंबे समय तक निरंतरता दिखती है, भले ही चाहे जो राजनीतिक परिवर्तन हों। भारत की स्थिति भी एक प्रकार से ऐसी ही है क्योंकि 1947 के बाद लंबे समय तक निरंतरता दिखती है। भारत की गुट-निरपेक्ष दर्जे के लिए प्रतिबद्धता इसका उदाहरण है। लेकिन पिछले लगभग एक दशक में राजनीतिक परिदृश्य बदलने के कारण, विदेश नीति के आयामों में भी कुछ बड़े बदलाव आए हैं। इनमें से कुछ की प्रकृति साहसी है तो दूसरे ज्यादा सौम्य प्रकृति के हैं।

सबसे बड़ा परिवर्तन संभवतः दृष्टिकोण में है जिसके चलते दुनिया में ज्यादा विश्वास से भरा भारत उभरता दिख रहा है। हाल में हमने अनेक क्षेत्रीय व अन्य अनौपचारिक समूहों का उभार भी देखा है जिनमें भारत को वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण स्थान मिला है। हिंद प्रशांत क्वाड तथा पश्चिम एशिया क्वाड या आई2यू2 हालिया उदाहरण हैं जहां भारत इन समूहों में अमेरिका के साथ सदस्य बना है। इन समूहों का प्रभाव हिंद प्रशांत व मध्यपूर्व में पड़ रहा है। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि यह भारत द्वारा मजबूत आधारभूत काम किए बिना नहीं संभव था। उसने एक ओर इस्राइल व संयुक्त अरब अमीरात-यूएई जैसे सदस्य देशों से मजबूत द्विपक्षीय संबंध विकसित किए, वहीं दूसरी ओर उसके जापान व आस्ट्रेलिया जैसे देशों से भी संबंध मजबूत हुए हैं। इसके साथ ही हमें भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिए कि कुछ ऐसी समस्यायें हैं जिनका जल्दी समाधान होता नहीं दिखता है। निश्चित रूप से इनमें सबसे बड़ी समस्या चीन है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ज्यादा आक्रामक रूप से चीनी समस्या के समाधान हेतु प्रयास किए हैं, पर नतीजा अभी स्पष्ट नहीं है। 2020 में भारत व चीन के बीच 1962 के बाद सबसे कठोर संघर्ष हुआ और हालांकि भारत अपनी जमीन पर मजबूती से डटा रहा, पर चीन ने भी अपनी स्थिति मजबूत की है। दुनिया के लिए स्पष्ट हो गया है कि चीन सैनिक व गैर-सैनिक तरीकों से अपने क्षेत्र में विस्तार करना चाहता है। तिब्बत इसका एक उदाहरण है।

इसके अलावा अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद वहां भी तनाव गंभीर हो गया है। चीन वैश्विक स्तर पर अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता है। अर्थव्यवस्था व सैनिक शक्ति में तेजी से वृद्धि के कारण वह न केवल भारत, बल्कि दुनिया के लिए सिरदर्द बना हुआ है। भारत की अतिरिक्त चिन्ता इस कारण है कि चीन उसकी सीमाओं पर जमा हुआ है तथा हमेशा की तरह उकसावे व धमकी देने वाली कार्रवाइयां कर रहा है। हालिया वर्षों में भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध भी काफी खराब हुए हैं। 1947 के बाद से युद्धों व सीमापार से आतंकी हमलों के बवजूद यह आम सहमति बनी हुई है कि भारत को पाकिस्तान से संबंध बनाए रखने होंगे। आखिरकार भूगोल बदला नहीं जा सकता है और यह तथ्य कभी नहीं बदलेगा कि पाकिस्तान हमारा पड़ोसी है। ऐसे में उसके साथ वार्ता जरूरी हो गई है।

लेकिन स्थिति में नाटकीय व उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। हालिया वर्षों में भारत ने द्विपक्षीय व वैश्विक स्तर पर अनेक आतंकी हमलों के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराने में कोई संकोच नहीं किया है। भारत अब एक कदम आगे बढ़ा है और उसने इतने भारी विश्वास के संकट के कारण वार्ताओं से इनकार कर दिया है। इसका कारण यह है कि वर्तमान माहौल में भारत-पाकिस्तान वार्ता केवल फोटो खिंचवाने का माध्यम बनती है, जबकि महत्वपूर्ण मुद्दों पर कोई प्रगति नहीं होती है। 2019 में पाकिस्तान से आतंकी समूहों ने पूर्व जम्मू कश्मीर राज्य पर हमले किए। इसके बाद भारत ने निर्णायक रूप से कार्रवाई की और यह तथ्य उल्लेखनीय है कि इसके बाद से पाकिस्तानी धरती से भारत के खिलाफ कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ।

जहां तक पुरानी विश्व महाशक्तियों, यानी रूस व अमेरिका के बीच संतुलन व गत्यात्मकता का सवाल है, काफी परिवर्तन आया है। हालांकि, भारत परंपरागत रूप से हमेशा रूस के निकट रहा है, पर हालिया वर्षों में बदलाव आया है। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए हैं, भले ही इससे आलोचना भी हुई कि भारत इस संबंध पर आवयश्यकता से अधिक जोर दे रहा है। रूस से संबंध मजबूत बने हुए हैं, पर यूक्रेन संकट के पश्चात रूस-चीन धुरी मजबूत होते जाने से भारत के सामने बड़ी नीतिगत चुनौती पैदा हो गई है। बदलते घटनाक्रमों से जहां चीन व पाकिस्तान के संबंध पहले से मजबूत थे, वहीं आज कुछ लोग कहने लगे हैं कि पाकिस्तान चीन के मुहरे के सिवा और कुछ नहीं है। भारत के लिए यह चुनौती बनी हुई है कि वह नाजुक संतुलन बनाए रखते हुए पुराने दोस्तों को प्रसन्न रखे तथा दूसरे देशों से मित्रता बढ़ाए।

पिछले 75 वर्षों में दुनिया बदली है और भारत भी बदला है। दुनिया में शीतयुद्ध समाप्त हुआ और वह द्विध्रुवीय के बजाय एकध्रुवी हुई तथा अब उसके बहुध्रुवीय होने की संभावना है। भारत ने अपना पुराना वैचारिक संकोच छोड़ा है और वह विश्व स्तर पर अपनी मजबूत होती स्थिति को देखते हुए दुनिया से ज्यादा विश्वास के साथ संबंध विकसित करने को तैयार है। लेकिन चीन जैसी चुनौतियां बहुत कठोर बनी हुई हैं। ऐसे में देखना होगा कि आने वाले दशकों में भारत अपनी विदेश नीति में परिवर्तनों के माध्यम से इन चुनौतियों से कैसे निपटता है।

# जम्मू-कश्मीर में शांति का सपना

**अशोक के मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



**सं**विधान का अनुच्छेद 370 समाप्त करने के तीन साल बाद सरकार जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करने, कश्मीरियों के दिल-दिमाग जीतने, कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ने तथा विकास करने का घोषित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी है। कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण से पाकिस्तान राजनयिक रूप से अलग थलग नहीं हुआ है। इसके बजाय चीन के साथ द्विपक्षीय मुद्दा तूल पकड़ गया है। भारत सरकार वे मुद्दे खारिज नही कर सकती है जो 75 साल से लंबित हैं। विधि सेंटर फार लीगल पालिसी द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'हमीं अस्त? अ बायोग्राफी आफ आर्टिकिल 370' में तर्क दिया गया है कि अनुच्छेद 370 समाप्त करना विधिक रूप से अनुचित है। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और हालांकि, प्रधान न्यायाधीश जस्टिस रमना ने इसकी जल्दी सुनवाई की बात कही है, पर देश के राजनीतिक माहौल को देखते हुए याचिकाकर्ताओं को ज्यादा उम्मीद नहीं है। फोरम फार ह्यूमन राइट्स ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 'थ्री इयर्स एज़ यूनियन टेरीटरीः ह्यूमन राइट्स इन कश्मीर' में मानवाधिकार उल्लंघनों की लगातार जारी घटनाओं व मूल कमियों का दस्तावेजीकरण किया है। हालांकि, इसका राज्य नीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है, पर इसने जम्मू कश्मीर में विकृतियों का उल्लेख किया है। पिछले शुक्रवार को चीन ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने की तीसरी वर्षगांठ पर अपने मतभेद शांतिपूर्वक हल कर लेने चाहिए। उसने जोर दिया कि विभिन्न पक्षों को एकपक्षीय कार्रवाई से यथास्थिति बदलने या तनाव बढ़ाने के प्रयासों से बचना चाहिए।

2019 में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संघशासित क्षेत्र लद्दाख का नया मानचित्र जारी करने तथा संसद में अक्साईचिन पर वापस कब्जा करने की बात से चीन नाराज हुआ था। चीन विदेश मंत्री एस. जयशंकर के इस बयान से भी संतुष्ट नहीं था कि इसका सीमा विवाद पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, हालांकि उन्होंने चीनियों को खुश करने के लिए बीजिंग की यात्रा भी की थी। मई, 2020 में पीएलए ने लद्दाख में हमला कर दूसरा मोर्चा सक्रिय कर दिया



और वह अब वह जिनजियांग से तिब्बत जाने वाली जी219 के समानान्तर नई सड़क जी 695 भी बना रहा है जो भारतीय सीमा से 20-25 किलोमीटर दूर है। शुरू में लद्दाखी उत्साहित थे, पर अब वे संघशासित दर्जा मिलने के बाद निराश हैं क्योंकि अपने प्रतिनिधियों के बजाय उन पर नौकरशाहों का शासन है। भ्रष्टाचार जड़ें जमा रहा है तथा बिना किसी प्रशासनिक जवाबदेही के केन्द्रीय कानून लागू हैं। सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा भीतरी क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की संख्या 2019 के बाद लगभग दूनी हो गई है। आंकड़ों के अनुसार स्थिति 'लगभग सामान्य' है, पर अभी आतंकवाद का सफाया नहीं हुआ है। हाल में श्रीनगर में एक सवाल के जवाब में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'यह समस्या पुरानी है और इसे समाप्त करने में समय लगेगा।' 2019 से 690 आतंकियों का सफाया हुआ तथा 135 इस साल मारे गए। इसके अलावा 136 नागरिक, सुरक्षा बलों के 146 जवान तथा राज्य के 57 अधिकारी शहीद हुए। हालांकि, प्रशासन इसे पाकिस्तान का छद्म युद्ध कहता था, पर अब उसने रणनीति बदली है। चरमपंथ को हाइब्रिड आतंकवाद व फेसलेस मिलिटेंसी कहा जाता है। 2019 से 572 युवा चरमपंथी बने हैं जिनको ग्रेनेड फेंकने जैसे कामों में लगाया गया है। इनमें से कुछ अकेले 'लोन वुल्फ' कार्रवाई करते हैं। इन्होंने बंदूक का भय बनाए रखने के लिए हिंदुओं, पंडितों व प्रवासियों पर हमले किए हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं कि सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है, पत्थरबाजी बंद हुई है, हड़ताल के आह्वान घटे हैं, खुलेआम कोई चरमपंथी गतिविधि नहीं है तथा सर्वोच्च कमांडरों का सफाया हो गया है। इसके लिए पीएसएस, यूएपीए व कर छापों का व्यापक प्रयोग हुआ है।

आतंकियों की लाशें उनके परिवारों को नहीं सौंपी जाती हैं, पंडितों को पूरी सुरक्षा दी जा रही है और उनको काम पर नहीं जाना होता है। इसी प्रकार 'पंचों' को उनके घरों तक सीमित किया गया है, मीरवैज़ उमर फारूक अपने घर में नजरबंद हैं तथा फारूक व उमर अब्दुल्ला व महबूबा मुफ्ती का दावा है कि उनको घरों पर नजरबंद रखा गया है। पार्टी बैठकों की अनुमति नहीं है। हालांकि, उग्रवाद चेनाब व पीर पंजाल घाटी तक फैल गया है, पर मल्टी-एजेंसी आतंकी निगरानी समूह ने अच्छा काम करते हुए नई चुनौतियां स्वीकार की हैं। काबुल में अल जवाहिरी की हत्या तथा अलकायदा व आईएसआईएस स्लीपर सेलों की सक्रियता से समस्या गंभीर हो सकती है।

रेजीस्टेंस फ्रंट साहस व शक्ति जुटा रहा है जिसमें जैशे मुहम्मद के जिहादी शामिल हैं। राज्यपाल के शासन के चौथे वर्ष में मनोज सिन्हा ने सुरक्षा, विकास व जनता से संपर्क जैसे क्षेत्रों में प्रशासन की उपलब्धियों के बड़े-बड़े दावे किए हैं। आंकड़े 'अमृत काल' को देखते हुए शानदार हैं। केवल 2021-22 में लगभग 51,000 परियोजनायें पूरी की गई हैं तथा कनेक्टिविटी पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पनबिजली, कृषि, रोजगार व पर्यटन में नई विकास योजनायें शुरू की जाने वाली हैं। लेकिन इन उपलब्धियों के बावजूद अलगाव बढ़ा है। समस्यायें दूर करने के लिए राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन जरूरी, लेकिन नाकाफी है। चुनाव अभी दूर हैं तथा परिसीमन आयोग के कारण सांप्रदायिक विभाजन बढ़ा है। एनएसए अजीत डोवाल व सीओएएस जनरल बाजवा के बीच वार्ता के पश्चात 2021 में युद्धविराम हुआ, लेकिन इसके अलावा कोई परोक्ष संवाद नहीं हो रहा है। ऐसे में सवाल है कि चुनाव कब तक टाले जा सकते हैं? जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करना पहला जरूरी कदम है और इसकी घोषणा 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हो जानी चाहिए।

## फरमाया



**आर्थिक** सुधार की शक्ति मजबूत परिदृश्य बनाती है, हम सभी क्षेत्रों में तेज वृद्धि के लिए तैयार हैं।
**- निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री



**वित्तमंत्री** का यह कहना ठीक है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी नहीं होगी क्योंकि यह पहले ही हो चुका है।
**- सुब्रमण्यम स्वामी**
भाजपा नेता



**भाजपा** के लिए पालाबदल कराना एक कल्याणकारी उपाय है क्योंकि इससे पालाबदल करने वालों का स्तर ऊंचा होता है।
**- पी. चिदम्बरम**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## कब होगा बस अड्डों का विकास

**मुख्यमंत्री** श्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में परिवहन विभाग के कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश मे सभी बस अड्डे एयरपोर्ट की तरह होंगे। यह एक अच्छी पहल लगती है। पर क्या वास्तव में यह पहल जमीन पर उतर पाएगी। आज की तारीख में मेरठ या किसी भी अन्य शहर के बस अड्डों को देखा जाए तो ज्यादातर की दशा दयनीय है। बरसातों में तो हाल और बुरा हो जाता है। बस अड्डों के साथ वाहनों की पार्किंग रोज एक शहर से दूसरे शहर जाने वालों के लिए बहुत ही आवश्यक है पर अधिकांश बस अड्डों के साथ दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग सुविधा नहीं है। अगर है भी तो जरूरत के हिसाब से बहुत कम है। सभी बस अड्डों के टॉयलेट बाथरूम सड़े पड़े रहते हैं। और जहां कुछ अड्डों में टॉयलेट बाथरूम बनाए गए हैं। वहां 10 से 20 रुपए तक मूत्र विसर्जन शौच करने के लिए जाते हैं। जो कि जनता की लूट है। मेरठ में पिछले 40 वर्षों से वैशाली बस अड्डे को शहर के बाहर करने की बात चल रही है पर आज भी बस अड्डा अपनी पुरानी जगह पर है और जाम का कारण बन रहा है। सिर्फ अखबारी घोषणाओं से हटकर वास्तविक विकास की ओर ध्यान देना होगा।

**- अतिवीर जैन**, मेरठ

## स्वागतयोग्य निर्णय

**सरकार** ने कोविड के दौरान लगी एयर फेयर पाबंदी को हटा लिया है। बता दें कि 1 अगस्त को एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत दिल्ली में 1.21 लाख रुपये प्रति किलोलीटर थी, जो पिछले महीने के मुकाबले 14 फीसदी कम थी। पाबंदी हटाने का फैसला इन तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है! वैसे भी हवाई यात्रा आर्थिक रूप से सक्षम जो लोग ही करते हैं! इसमें समय की भारी बचत होती है! और हवाई यात्रा सुविधा पूर्ण होती है !वही हवाई कंपनियां बडा इन्वेस्टमेंट करने के साथ-साथ मंहगा ईंधन और हाई क्लास स्टॉफ रखने और यात्रियों को भरपूर सुविधाएं देती है! ऐसे में उन्हें अपना खर्च निकाल कर अपना मुनाफा निकाल सके इसके लिए छूट देना आवश्यक था. आपसी कॉम्पिटिशन के चक्कर में एयरलाइंस के बीच प्राइस वॉर शुरू हो जाए। लेकिन किसी भी सेक्टर में ग्रोथ की यह स्वाभाविक प्रक्रिया मानी जाती है। कुछ समय की बढ़ोतरी और गिरावट के बाद कीमतें डिमांड सप्लाई नियम के मुताबिक संतुलित हो जाएंगी। मगर कॉलेज व्यस्ततम ट्रैफिक के दौरान अनाप-शनाप किराया वसूलने की प्रवृत्ति भी हवाई कंपनियों में मौजूद है!

**- सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

## सही कहा केजरीवाल ने!

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यूं देखा जाए तो सही कह रहे हैं कि जनता को मुफ्त में शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा, पानी, बिजली देना कैसे मुक्त की रेवड़ी हो जाती है? जब देश आजाद हुआ तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि सरकार भले ही अन्य वस्तुओं पर कर लगाएं, लेकिन जनता को शिक्षा, चिकित्सा सुविधा व न्याय मुफ्त में सुलभ तरीके से उपलध होना चाहिए। इस सबका खर्च सरकार को वहन करना चाहिए। यह सरकार का दायित्व है। समग्र रूप से देखा जाए तो आज आम जन की जेंब पर भार सबसे ज्यादा इन क्षेत्रों में ही पड़ रहा है। लेकिन केजरीवाल को छोड़कर कोई भी शिक्षा, चिकित्सा की बात नहीं कर रहा है। न्याय के मामले में चुप्पी सधी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश वीएन खरे महोदय की टिप्पणी तो कोड कर गौरतलब करने योग्य है कि किसी गरीब आदमी को बिना पैसे के अदालत की और देखना भी गुनाह है। केजरीवाल जी मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा पर वजनदार बात कर रहे हैं।

**- हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**गुरुर कॉलेज का नाम स्व.डारन बाई के नाम पर और नारागांव के 4 फ्रीडम फाइटर की स्मृति में समाधि स्थल और सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख की घोषणा की**

# ग्राम कोलिहामार में विश्व आदिवासी कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम भूपेश, लगाई घोषणाओं की झड़ी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल होने शनिवार को गुरुर ब्लॉक के ग्राम कोलिहामार पहुंचे। जहां समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ मंच पर महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, कुंवर सिंह निषाद और क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा मौजूद रहे।

मंच से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस 90 देशों में मनाया जाता है। बालोद जिले में भी बड़ी संख्या में आदिवासी रहते हैं। आदिवासियों के विकास उन्नति और आर्थिक स्थिति को समृद्ध बनाने के लिए कांग्रेस सरकार लगातार कार्य कर रही है। पेशा कानून जो काफी दिनों से लंबित था। उसमें नियमावली बनाकर लागू किया गया है। इस पेशा कानून में अन्य जातियों की भी भागीदारी रहेगी। इस 20 अगस्त को राजीव गांधी किसान ने योजना की किश्त डाली जा रही है। इस पैसे का उपयोग सामने आ रहे तीज पर्व में बहनों को लाभ होगा। सरकार पहले गोबर खरीदी थी। अब गोमूत्र भी खरीद रही है। सड़कों पर आवारा पशुओं की कमी आई है। हर गांव में अधिक से अधिक दूध का उत्पादन होना चाहिए और वह दूध का उपयोग बच्चों के लिए किया जाए ताकि उसका बचपन ताकतवर बने।

भूपेश बघेल ने आगे कहा कि समाज के लोगों द्वारा राजाराव पठार के लिए कई सारी मांग की गई थी।जिनका टेंडर हो चुका है और निर्माण कार्य भी जारी है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंच से की बड़ी घोषणा की। गुरुर के ब्लॉक के नारागांव के चार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुकालू करियाम, सरजू मंडावी, पीताम्बर मण्डावी, बिसाहू राम के स्मृति में समाधि स्थल और सौंदर्यकरण के लिए 20 लाख, शासकीय महाविद्यालय गुरूर का नाम छत्तीसगढ़ की प्रथम विधायक स्व. डारन बाई के नाम से करने की घोषणा की। साथ ही मुख्य मार्ग गुरुर में शहीद गैंद सिंह के प्रतिमा के लिए 10 लाख रुपये, कन्या छात्रावास को 20 सीटर से 50 सीटर करने और छात्रावास के जीर्णोद्धार के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति, आदिवासी समुदायिक भवन के लिए 50 लाख की घोषणा, गुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए नए भवन की स्वीकृति और बालोद नगर के बूढा तालाब के सौंदर्यीकरण की भी स्वीकृति दी गई।

# जेवरा आयुर्वेदिक विभाग ने स्कूली छात्रों के साथ निकाली गई सामूहिक रैली, वृक्षारोपण भी किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासन के निर्देशानुसार आयुष विभाग बेमेतरा के द्वारा 13 अगस्त प्रातः 7 बजे से घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयुष विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने अपने घरों में ध्वजारोहण किया तत्पश्चात अपने अपने औषधालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम रखा गया साथ ही आयुर्वेदिक औषधालय जेवरा में आयुष विभाग ने हर घर तिरंगा अभियान को सामूहिक रूप से मनाया जिसमे स्कूली छात्राओ के साथ रैली भी निकाली गई और तिरंगा अभियान के महत्व को जनसमान्य तक पहुचाने का प्रयास किया गया इस कार्यक्रम के साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया जिसमें गुणकारी औषधि पौधो का भी वितरण किया गया समस्त कार्यक्रम प्रभारी आयुर्वेद जिला अधिकारी बेमेतरा डॉ स्मिता श्रीवास्तव के में मार्गदर्शन सपन्न हुआ जिसमे जिले के सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी शामिल हुए इसी कड़ी में डॉ पंकज दुबे ने आजादी के अमृत महोत्सव का महत्व बताते हुए विभाग के द्वारा विगत एक वर्ष से होने वाली गति विधियों से अवगत कराया जिसमे प्रति गुरूवार को होने वाले सियान जतन कार्यक्रम जिसमे बुजुर्गो का स्वास्थ परीक्षण,वृद्धावस्था में होने वाली समस्या का निराकरण एवम अपने चिकित्सक के सतत संपर्क में रहने का सुझाव भी शामिल था डॉ स्वाति शर्मा ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा आज हमारा देश आजादी के अमृतमहोत्सव के जश्न मना रहा है जिसके लिए हमारे युवा वर्ग का स्वस्थ रहना जरूरी है जो स्वास्थ लाभ हमे आयुर्वेद में वर्णित जीवन शैली से ही प्राप्त हो सकता है! डॉ ममता गवारे आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी जेवरा ने औषिध पौधों के रोपण एवं उनके औषधि गुणों के बारे में चर्चा की साथी ही स्वास्थ्य लाभ के लिए पौधों के उपयोग पर जोर दिया! कार्यक्रम में डॉ लतिका देवांगन, डॉ प्रसाद,डॉ अतुल परिहार,डॉ अनूप गौतम,डॉ प्रदीप सिंह,डॉ सरोज,सभी ने अपना अपना उद्बोधन दिया एवं आयुर्वेद के प्रयोग पर जोर दिया अंत मे डॉ स्मिता श्रीवास्तव जिला आयुर्वेद अधिकारी बेमेतरा ने राष्ट्रप्रेम को सर्वोपरि बताते हुए आजादी के अमृतमहोत्सव के कार्यक्रम को मानने पर गर्व का अनुभव हो रहा है, कहते हुए अपने चिकित्सकों से दिए गए लक्ष्यों की चर्चा की। कार्यक्रम में मंशा राम पैकरा, चैनसिंग पैकरा, डाकेश्वर, अजय देशमुख, हेमलता मरकाम, किरण उपाध्याय भी शामिल थे।

# आजादी के 75 वर्ष पूर्ण : सशिमं के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आजादी के 75 वर्ष पर पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला मुख्यालय में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकाली गई जो नगर के प्रमुख मुख्य मार्गो का भ्रमण कर घर-घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया शनिवार को सुबह करीब 11.30 बजे सरस्वती स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकाली गई सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक अनिल महेश्वरी के नेतृत्व में स्कूल के सभी विद्यार्थीयों अध्यापक गण शामिल हुए यह रैली स्कूल से प्रारंभ हुई जिसमें व्यवस्थापक अनिल महेश्वरी अध्यापक विद्यार्थियों के हाथों में राष्टीय ध्वज था और देशभक्ति के नारे लगा रहे थे रैली के सबसे आगे स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा बैंड बाजा बजाया जा रहा था वहीं इस संबंध में अनिल महेश्वरी ने बताया कि देश के आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आजादी के अमृत महोत्सव पर्व पर शिशु मंदिर के विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकाली गई है जो नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया गया इसके साथ ही महेश्वरी ने लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव उत्सव के उपलक्ष में सभी को अपने घर में झंडा फहराने का आग्रह किया है ।

# बालोद जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था, दायित्व के निर्वहन में लापरवाही पर सिविल सर्जन सहित 4 डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

इन दिनों बालोद जिला अस्पताल रेफर सेंटर और बदहाल व्यवस्था के नाम पर प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। जिला अस्पताल में स्वंय डॉक्टर मरीजो के साथ लापरवाही बरत रहे हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ एसके मंडल द्वारा जिला चिकित्सालय बालोद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एसएस देवदास को कारण बताओ नोटिस जारी किया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एसएस देवदास को जिला चिकित्सालय बालोद की व्यवस्था एवं प्रबंधन में सुधार सुनिश्चित नही करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तथा इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा चिकित्सा अधिकारी आयुष डॉ. डॉली शिवांगी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. वंदना मानसर, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राजेन्द्र सिंह सरदार और चिकित्सा अधिकारी एनएचएम डॉ. बीएल रात्रे को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने डॉ. डॉली शिवांगी को 2 अगस्त से 6 अगस्त 2022 तक और 8 अगस्त से 10 अगस्त 2022 तक बिना पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया हैं। डॉ. वंदना मानसर को 5 अगस्त से 10 अगस्त 2022 तक उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर नहीं करने तथा उक्त दिवसों में बिना पूर्व सूचना एवं आवेदन के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं। डॉ. राजेन्द्र सिंह सरदार को बिना पूर्व सूचना एवं आवेदन के 8 अगस्त से 10 अगस्त 2022 तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किया गया हैं। डॉ. बीएल रात्रे को 3 अगस्त से 10 अगस्त 2022 तक उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर नहीं किए जाने तथा उक्त दिवसों में बिना पूर्व सूचना एवं आवेदन के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त सभी को अपना स्पष्टीकरण 2 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा गंभीर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने समय समय पर जिला अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश डॉक्टरों को दिए थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले में पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिला चिकित्सालय बालोद का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए कोरोना काल के बाद से बंद किए गए आईसीयू कक्ष को 6 जुलाई से प्रारंभ कर दिया गया।

# आजादी का अमृत महोत्सव: स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किया जाएगा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

पूरे देश व राज्य की भांति जिले में भी आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाने हेतु सभी तैयारियॉ सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ को चीरस्मरणीय बनाने हेतु स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन कृषि उपज मण्डी प्रांगण गंजपारा बालोद में शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक किया जा रहा है। इस वर्ष की स्वतंत्रता दिवस की संध्या देश के नामचीन एवं राज्य व नगर के सुप्रसिद्ध कवियों की कविता पाठ से सजने वाली है। इस कवि सम्मेलन में पद्मश्री सुनील जोगी (दिल्ली), अमन अक्षर (भोपाल), अंकिता सिंह (गुरूग्राम), गजेन्द्र प्रियांशु (बाराबंकी), अभय निर्भिक (लखनऊ), अशोक चारण (राजस्थान), मिथलेश शर्मा (बालोद), आलोक शर्मा (दुर्ग) और श्यमा कश्यप बेचैन (सरगुजा) अपनी उपस्थिति के साथ ही शहीदों के नाम अपनी कविताओं से शमा संजोएंगे।

## 13 वर्षीय बालक प्रहलाद नेताम गुमशुदा



**थानखमरिया।** समीपस्थ ग्राम गौरझूमर निवासी कृषक दुलार नेताम का 13 वर्षीय बालक प्रहलाद कुमार नेताम रामपुर छातापुर हॉस्टल में अध्ययनरत था घर से हॉस्टल जा रहा हू कह के बोल कर निकला परंतु हॉस्टल नहीं पहुंचा इस प्रकार से वह बालक 2 अगस्त से लापता है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है परिजन ने इसकी सूचना आरक्षी केंद्र था सहसपुर लोहारा में दे दी है परंतु फिर भी अपने स्तर पर परिजन पतासाजी कर रहे हैं और जो कोई भी व्यक्ति उक्त बालक का जानकारी बता शादी करके बताएगा उन्हें परिजनों द्वारा ?5000 इनाम देने की घोषणा की गई है।

# विधायक आशीष छाबड़ा नेतृत्व में कांग्रेस ने निकाली आजादी गौरव पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में आजादी के 75 वर्ष पर पूर्ण होने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार विधानसभा स्तरीय आजदी गौरव पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है बेमेतरा विधानसभा स्तरीय आजादी गौरव पद यात्रा के चौथा दिन ग्राम पंचायत सांकरा से नगर बेरला तक 15 किमी तक राष्ट्रीय झंडा तिरंगा को लेकर आजदी गौरव पद यात्रा निकाल बलिदानियों के बलिदान को याद किया गौरव पद यात्रा के माध्यम से देश की आजादी के लिए बलिदान हुए देश भक्तो की शहादत को लोगो के दिलो में जिंदा बनाए रखना देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाने का उद्देश्य देश को आजाद कराने में राष्ट्र के जिन महापुरुषों ने अपना जीवन न्यौछावार कर दिया था आज उनके बलिदान को याद करने के लिए कांग्रेस पूरे देश में आजादी गौरव यात्रा निकाल रही है, इस अवसर पर रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, रवि परगनिया, मौजीराम साहू,प्रवीण शर्मा,कविता साहू, हीरा वर्मा, सत्यभामा परगनिया,नवाज खान,सविता हिरवानी,नेहा सुराना,राजा साहू,चेतन बंजारे, टिकेंद्र परगनिया, मिथलेश वर्मा,कुशाल नायक, मन्नु निषाद, रामखिलावन साहू, सहदेव साहू, दिलहरन साहू, तुम्मन साहू,रामखिलावन परगनिया, राजा वर्मा,राजेंद्र वर्मा, जयप्रकाश साहू,कमल साहू, गोकुल परगनिया,विजय जैन, नारायण डगरे, उमाशंकर पाटिल,लोकनाथ यादव, आनदराम साहू,दिलीप शर्मा,प्रमोद साहू, लेडगा राम साहू, भागवतराम साहू,मोकम, शिवनारायण,यशपाल साहू, मोहित वर्मा, राजकुमार सेन,गुड्डू सेन, गोविंदा राजपूत,गगन परगनिया, उमाकांत परगनिया, खिलेंद्र साहू, विकास वर्मा, प्रियांसु परगनिया सहित बड़ी संख्या कांग्रेसगण रहे उपस्थित।

# लीनेश क्लब प्रेरणा के सदस्यों ने जेल स्टाफ को बांधी राखी



**बेमेतरा।** रक्षाबंधन पर्व पर लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा द्वारा जेल में अधीक्षक रमेश बंजारे एवं समस्त स्टाफ को राखी बांधी गई।

उन्हें तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई इसके अलावा बंदियों के लिए जेल में राखी व मिठाई जेल में अधीक्षक को भेंट किया गया इस अवसर पर लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा के अध्यक्ष विनोद राघव जी पूर्व अध्यक्ष ललिता साहू शारदा तिवारी जी उमा तिवारी रश्मि ताम्रकार सरला ठाकुर वर्षा गौतम नीलम साहू आरती साहू उपस्थित थे।

# नगर पालिका की सामान्य सभा में 15 प्रस्तावों पर लगा सर्वसम्मति से मुहर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद बेमेतरा के सामान्य सभा का सामान्य बैठक शकुन्तला मंगत साहू की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष पंचू साहू, वार्ड पार्षदों एवं एल्डरमेन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जिसमें 15 विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर के द्वारा समस्त विषयों पर संबंधित विभागवार जानकारी देते हुए मान. सदस्यों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जिस पर चर्चा कर सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया। नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत भवन भूमि/दुकान नामांतरण हेतु प्राप्त आवेदनों में नामांतरण, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, एवं पिछड़ा वर्ग हेतु स्थायी प्रमाण पत्र हेतु, हितग्राही मूलक एवं मुख्यमंत्री पेंशन हेतु प्राप्त आवेदनो में स्वीकृति प्रदान दी गई। मान. मुख्यमंत्री जी की घोषणा अनुसार नगर पालिका को राशि 5 करोड का संशोधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। परिषद की बैठक में नीतु कोठारी पार्षद वार्ड क्र. 11 का अशोभनीय आचरण के कारण पार्षद पद से हटाने सर्वसम्मति से अनुसंशा कर कलेक्टर जिला बेमेतरा को पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। शासन के दिशा-निर्देशानुसार 'हर घर झण्डा' अभियान के तहत निकाय के सभी घरो में तिरंगा झण्डा लगाने हेतु आग्रह कर शासन की योजना का क्रियान्वयन किये जाने का निर्णय लिया साथ ही बांधा तालाब पार स्थित चौपाटी परिसर में 100 फीट ऊंचा 'राष्ट्रीय ध्वज' स्थापना किये जाने हेतु एवं प्रतिक्षा बस स्टैण्ड में काम्पलेक्स निर्माण हेतु प्राप्त न्यूनतम दर तथा पालिका बाजार शॉपिंग काम्पलेक्स, मां भद्रकाली शॉपिंग काम्पलेक्स एवं बांधा तालाब पार स्थित चौपाटी के दुकानों नीलामी बोली में प्राप्त होने वाले उच्चतम बोली की स्वीकृति प्रदान की गयी। निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में मुरूम / बजरी डलवाने अपनी सहमति प्रदान की गयी। वार्ड क्र. 13 सिंघौरी जुना तालाब, वार्ड क्र. 18 भद्रकाली तालाब एवं कईहा तालाब को लीज/ठेका पर दिये जाने कलेक्टर बेमेतरा को पत्र प्रेषित कर प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया।

जल आवर्धन योजना के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बेमेतरा के पाईप लाईन विस्तार एवं क्रासिंग कनेक्शन का कार्य अभी तक शत प्रतिशत पूर्ण नहीं किया गया है। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बेमेतरा को पत्र प्रेषित कर शहर के सम्पूर्ण वार्डो को इस योजना में शामिल करते हुए सभी घरो में पानी का सप्लाई हो, इसके लिए अतिरिक्त बजट एवं पुनरीक्षित प्राक्कलन की आवश्यकता हो तो इसके लिए परिषद सहमति प्रदान किया है।

**हिन्दू हितों को बढ़ावा देने हमारी टीम हमेशा तत्पर**

# विहिप जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता का मनाया गया जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




विश्व हिंदू परिषद बालोद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता का जन्मदिवस दल्ली राजहरा में हिंदू रीति रिवाज के द्वारा बनाया गया जहां विहीप व बजरंग दल के सदस्यों ने बलराम गुप्ता को जन्मदिन कि बधाई व शुभकामनाएं दी। दल्लीराजहरा नगर में इस अवसर पर सभी ने शपथ लिया कि हम हिंदुत्व के लिए सदैव समर्पण के साथ कार्य करने तत्पर हैं। हरपल हिंदुत्व को मजबूती व हिंदु हितों को बढ़ावा देने के लिए हमारी पूरी टीम बजरंग दल सदा ही तत्पर रहेगी । बजरंग दल अध्यक्ष शशांक तिवारी द्वारा जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता को भगवा दुपट्टा भेंट किया गया और तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना की गई।

युवा नेता मोनू चौधरी ने बधाई देते हुए कहा कि जिले के अंदर बलराम गुप्ता के नेतृत्व में हिंदू संगठन काफी मजबूती से काम कर रहा है। नीलेश श्रीवास्तव ने कहा कि विहीप संगठन को बालोद जिला में बलराम गुप्ता ने नया आयाम देकर मजबूत बनाया है। सभी आयामों को बड़ा किया है।शंकर साहू ने कहा कि युवा जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता की सक्रियता से आज हिंदू संगठन जिले के अंदर हिंदु हितो को लेकर सक्रियता से काम कर रहा है। भूपेंद्र श्रीवास व सोनू ठगेल ने कहा कि आज जिले में विहीप संगठन के द्वारा कई धार्मिक आयोजन हो रहे,लोग विहीप से जुड़ कर धर्म संगठन को मजबूती दे रहे है। इसके लिए जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता व जिले के सभी हिन्दू साथियों का सक्रियता से काम करना बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। हम सब बलराम गुप्ता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

इस अवसर पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के दायित्त्ववान साथी व संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे जिसमें विशेष रूप से नगर सुरक्षा प्रमुख विजय कुशवाहा, नितिन सहारे, विश्व हिंदू परिषद के नगर महामंत्री शंकर साहू ,नगर सह मंत्री अर्जुन राय, गोलू जायसवाल, युवा नेता गणेश निषाद ,युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के विशेष सदस्य भूपेंद्र श्रीवास , युवा जिला महामंत्री सोनू ढगेल, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष नीलेश श्रीवास्तव, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी समिति के सदस्य नागेंद्र चौधरी ,सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से मौजूद थे।

# अनियंत्रित भारी वाहन माथुर सिनेप्लेक्स में घुसा, चालक भागा

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



12 अगस्त रात फिर भारी वाहनों का कहर देखने को मिला। भानुप्रतापपुर की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 24 बी 6713 ने माथुर सिनेप्लेक्स के सामने बने बैरिकेट एवं चबूतरे को क्षतिग्रस्त कर दिया दुर्घटना देर रात की बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया सिनेप्लेक्स में दिन के समय सिने दर्शक रहते है । ऐसे समय में अगर दुर्घटना घटी तो बड़ी हानि होने की संभावना थी, ज्ञात रहे कि भारी वाहनों की आवाजाही से आए दिन इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाएं दल्लीराजहरा क्षेत्र में घट रही है। आम नागरिकों व जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में बाईपास रोड की मांग की जा रही है किंतु जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं नेता इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक जो कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री हैं जिनसे आम नागरिकों को बड़ी उम्मीद है किंतु उनके द्वारा भी बाईपास सड़क निर्माण के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जा रहा है। ट्रक चालक द्वारा नशे के हालात में गाड़ी चलाने की वजह हमेशा दुर्घटना होती रहती है , इसलिए आवश्यक है कि भारी वाहनों के चालकों की नियमित जांच होनी चाहिए कि वे नशे में गाड़ी चला रहे हैं कि नहीं। पुलिस प्रशासन को रात्रि गश्त के समय इन वाहनों को रोक कर नशे में वाहन चलाने वाले ड्राइवरों पर कार्यवाही की जाने की जरूरत हैं।

# बैंड बाजे के साथ भोजली विसर्जन किया गया



पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर में छत्तीसगढ़ का परंपरागत भोजली महोत्सव का पर्व जोर शोर से संपन्न हुआ। जहां पर बैंड बाजे के साथ भोजली विसर्जन किया गया सर्वप्रथम बैंड बाजे के साथ भोजली राम जानकी मंदिर जयजयपुर में एकत्र हुए जहां पर भोजली का निर्णय लेते हुए भोजली चयन प्रतियोगिता मैं सर्वप्रथम ललिता धीवर द्वितीय कुमारी चंद्रा तृतीय भूमिका चंद्रा तथा 30 अन्य लोगों को पुरसकार के साथ सभी भोजली माता बहनों को सांत्वना पुरस्कार नगर पंचायत जैजैपुर अध्यक्ष सोनसाय देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य नगरपालिका अधिकारी विष्णु गहरवाल रहे। नगर पंचायत जैजैपुर के गणमान्य नरेंद्र प्रजापति पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत जयजयपुर ,सुरेश साहू, अमृत साहू,दिगंबर साहू ,राम नारायण साहू ,केदार चंद्रा, फूनूलाल साहू, डॉ प्रसाद चंद्रा, वासु चंद्रा, गोविंद धीवर, बाबूलाल, दिगंबर चंद्रा, भानु प्रताप चंद्रा विशेष रूप से रहे जहां पर प्रथम पुरस्कार ललिता धीवर को एलइडी टीवी, द्वितीय स्थान कुमारी चंद्रा को कूलर एवं तृतीय स्थान पाने वाली भूमिका चंद्रा को ड्रेसिंग टेबल मुख्य नगर पंचायत अधिकारी विष्णु गहरवाल एवं अध्यक्ष सोनसाय देवांगन एव गणमान्य नागरिक ने पुरस्कार वितरण किए। जहां पर भारी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं नव जवान युवक-युवती भी शरीक हुए जो कि राम जानकी मंदिर से भोजली निकलकर बंधवा तालाब में विसर्जन किया गया। इस तरह से ग्रामीण अंचलों कि परंपरा आज भी नगर पंचायत जयजयपुर में समावेश रहा भोजली पर्व सुख समृद्धि एवं भाईचारा, मितानिन, सहनाव के रूप में जानाजाता है, आज के दिन युवा युवती मितानी एवं सहनाव बदलते हैं जो आज सदियों की परंपरा चली आ रही है। जो मितान मितानिन एवं सहनाव अटूट बंधन मे बन जाते हैं,जो आज नगर पंचायत जैजैपुर में भोजली का पर्व मे देखने को मिला।

## सकरेली कला में पारंपरिक तरीके से मनाया गया भोजली उत्सव



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

समीपस्थ ग्राम सकरेलीकला में भोजली उत्सव पारंपरिक तरीके से मनाया गया।विगत कई वर्षों से सकरेलीकला में भोजली उत्सव मनाया जा रहा है। ग्राम की बहनों के द्वारा भोजली थाल को फूल एवं रंगीन माला से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ग्राम समिति के द्वारा उत्कृष्ट सजावट के लिए भोजली को पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष 20 उत्कृष्ट सजावट को पुरस्कृत किया गया है। अन्य सभी भोजली थाल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है। भोजली उत्सव के दौरान महिलाओं के द्वारा भोजली गीत गान किया गया,इस अवसर पर ग्राम पंचायत सकरेलीकला के सरपंच डमरूधर साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रोशन लाल पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता मिलन श्रीवास, एवं अन्य गणमान्य नागरिक में रामानुज साहू, रामप्रसाद पटेल, खिलावन पटेल, लोकनाथ, जगदीश, होली, गंगा राम, देवकुमार,भगत सिदार, सहित ग्राम के सभी पंच गण उपस्थित थे।

# शासकीय नौकरी मिलने पर जिले के 10 बैगा युवाओं में खुशी का माहौल



■ चेहरे पर मुस्कान लिए पहुंचे जिला कलेक्टोरेट, मुख्यमंत्री श्री बघेल का किया धन्यवाद

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के 10 युवा शासकीय नौकरी मिलने पर काफी खुश हैं। चेहरों पर मुस्कान लिए खुशी का इजहार करने इन बैगा युवाओं ने जिला कलेक्टोरट पहुंचकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान इन युवाओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री बघेल के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं को योग्यतानुसार शासकीय नौकरी प्रदान करने का जो निर्णय लिया गया है और उनके इस निर्णय की वजह से हमें शासकीय सेवा में आने का अवसर मिला। इसके लिए हम उनके हृदय से आभारी हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं को योग्यतानुसार शासकीय नौकरी देने की घोषणा पर अमल करते हुए जिले के 10 बैगा युवाओं को शासकीय सेवा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें नियुक्ति पत्र विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा प्रदान किया गया है। इससे इन युवाओं में काफी खुशी का माहौल है। शासकीय सेवा में नियुक्त होने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा युवाओं में लोरमी विकासखण्ड के ग्राम बैगापारा की कु. लंकेश्वरी, ग्राम सुरही के श्रीचंद, ग्राम डंगनिया के रमेश कुमार बैगा, फु लेश्वरी मार्को, नरेश कुमार बैगा, रामकुमार बैगा, ग्राम लमनी के कमलेश कुमार, ग्राम बोईरहा के नरेन्द्र कुमार, ग्राम निवासखार के दुर्गेश कुमार और ग्राम सारसडोल के बैशाखु शामिल हैं।

# बड़साली को बीवी बनाने लाया घर भागने लगी तो कर दी हत्या, गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



अपनी व्याहता पत्नी की बड़ी बहन को पत्नी बनाकर रखने के लिये घर लाने के कारण बीवी बच्चों के घर से चले जाने और बाद में बडसाली के भी घर से जाने की बात कहने पर क्षुब्ध युवक ने गला दबाकर अपनी पत्नी की बड़ी बहन की हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सुबह थाना चक्रधरनगर में अन्तर्गत ग्राम कोलाईबहाल में महिला की हत्या की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस मौके पर पहुंची। कोटवार के बेटे शंकर चौहान (40 साल) थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि शाम गांव में हल्ला सुना कि गांव के इंदिरा आवास मोहल्ला में रहने वाला अभिषेक चौहान जो अपनी पत्नी की बड़ी बहन को दूसरी पत्नी बनाकर कुछ दिन पहले से अपने घर में रखा था उसकी हत्या कर दिया है। तब उसके घर जाकर देखा तो सोनी सिदार घर के कमरे में मरी पडी थी, अभिषेक चौहान गांववालों के सामने चिल्ला रहा था कि सोनी सिदार को गला दबाकर मार दिया है। मौके पर जांच करने पहुंचे चक्रधरनगर पुलिस को आरोपी अभिषेक चौहान की पत्नी संध्या सिदार बताई कि मृतिका सोनी सिदार पति विनोद भट्ट उम्र 30 वर्ष निवासी बलौदा जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम पंजरीप्लांट थाना चक्रधरनगर इसकी बड़ी बहन है, जिसे पति (अभिषेक चौहान) कुछ दिन पहले दूसरी पत्नी बनाकर रखूंगा कहकर घर लाया था। सोनी सिदार को घर में लाने पर ये अपने एक बच्चे को लेकर घर से चली गई थी, इसके जाने के बाद सोनी सिदार भी नहीं रहूंगी कहकर घर छोड़कर जा रही थी, तब पति (अभिषेक चौहान) सोनी को तेरे कारण बीवी, बच्चे छोड़कर जा रहे है और तू भी जा रही है कहकर तखत ऊपर सोनी सिदार का गला दबाकर हत्या कर दिया। घटना के संबंध में चक्रधरनगर थाने में आरोपी अभिषेक चौहान पिता नूरपो चौहान उम्र करीब 35 वर्ष जामगांव थाना चक्रधरनगर रायगढ़ के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। शीघ्र आरोपी गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जावेगा।

# रायगढ़ के व्यवसायी को 2.78 करोड़ की चपत लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



ठगी के एक मामले में रायगढ़ के एक व्यापारी को पौने तीन करोड़ रूपये की चपत लगाने के बाद फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने रायपुर में धर दबोचा है। पुलिस उसे कल कोर्ट में पेश करने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार 10 अगस्त को आवेदक शिकायतकर्ता महेश कुमार गर्ग पिता सुभाष कुमार गर्ग उम्र 44 वर्ष निवासी कृष्णाकुंज विला भगवानपुर रायगढ़ थाना सिटी कोतवाली में एक लिखित आवेदन इस आशय का प्रस्तुत किया कि प्रो. यूपी स्ट्रकचर मूलचंद कौशिक, निवासी कौशिक निवास एम्स हास्पिटल के पीछे रायपुर के द्वारा धोखाधड़ी छल कपट कर स्वयं को लाभ पहूँचाने के लिये आवेदक की कंपनी अनंता री रोलर्स प्राइवेट लिमिटेड को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से किरायेदारी का मौखिक समझौता करने के पश्चात रोलिंग मिल को किराये में देने की बात कर कब्जा दिया गया। आवेदक द्वारा मिल का रिपेयरिंग कराया गया जिसमें करीब डेढ करोड़ रूपये खर्चा किया एवं 01 करोड 28 लाख रूपये नगद कुल रकम 02 करोड 78 लाख रूपये खर्च किया और मिल को दो साल तक चलाया उसके पश्चात मूलचंद कौशिक किरायेदारी को निरस्त कर मिल पर कब्जा कर लिया और भिलाई के नरेश राव को बेच दिया। शिकायतकर्ता द्वारा जब मिल में खर्च किये गये रूपये एवं नगदी दिये गये रूपयों को वापस मांगने पर मूलचंद कौशिक धमकी चमकी गाली गलौच करता है। आवेदक शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर थाना कोतवाली पहुंचा जिससे विस्तृत रूप में घटना की जानकारी लेकर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर आरोपित व्यवसायी मूलचंद कौशिक पिता राजेंद्र कौशिक निवासी कौशिक निवास एम्स हास्पिटल के पीछे सरस्वती नगर रायपुर पर धारा 406,420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा एसपी अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर रात में ही आरोपी के ठिकानों पर स्थानीय पुलिस की घेराबंदी कराकर अपने स्टाफ के साथ रायपुर रवाना हुये और आरोपी को हिरासत में लेकर रायगढ़ गया, आरोपी से पूछताछ एवं साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में धारा 409 आईपीसी जोड़ते हुए आरोपी को धोखाधड़ी, खयानत और गबन के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी मूलचंद कौशिक पिता राजेन्द्र कौशिक उम्र 42 वर्ष निवासी एक्स अस्पताल के पीछे कौशिक निवास टाटीबंध थाना खमतराई जिला रायपुर (छ.ग.) पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया, उप निरीक्षक आर.एस. तिवारी एवं हमराह स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

## लोरमी विधानसभा के प्रभारी शत्रुघ्न के नेतृत्व में पद यात्रा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर हीरक महोत्सव भारत जोड़ो आजादी गौरव पद यात्रा लोरमी विधानसभा के प्रभारी शत्रुघ्न सोनु चंद्राकर के नेतृत्व में निम्न ग्राम में पद यात्रा सुरजपुरा डिंडौरी आजादी की 75 वी वर्षगांठ पर हीरक महोत्सव भारत जोड़ो आजादी गौरव पद यात्रा लोरमी विधानसभा के प्रभारी शत्रुघ्न सोनु चंद्राकर के नेतृत्व में निम्न ग्राम में पद यात्रा सुरजपुरा डिंडोरी चिखलदह कोयलारी छटन मोहडंडा वंशापुर भालूखोधरा में गौरव पद यात्रा में उपस्थित कांग्रेस नेता गण श्रीमति लेखनी चंद्राकर जिला पंचायत अध्यक्ष मुंगेली जवाहर साहू नन्द त्रिपाठी राकेश तिवारी तोरन खांड़े नरेश पाटले पंच राम डहरिया रामप्रकाश यादव रामजी साहु मेन कुमार भार्गव धनुष सेन राजू मिरी कामता सोनवानी सत्तू साहु नंदा साहु मुकेश जायसवाल अमन तिवारी विजय पाटले मितेश चंद्राकर संपत यादव शिव पटेल धरमजीत शोभा बघेल पुरन साहु हेमन्त मानिकपुरी बजरंग बंजारा बजरंग खांड़े अभिषेक भास्कर रामेश्वर खांड़े रज्जू भैया विष्णु मिरी जय डांसर रोहित घृतलहरे त्रिवेणी साहू प्रेम पुष्पा साहु गीता दिवाकर सविता खांड़े हेमपुष्पा साहू पार्वती साहू विजय लक्ष्मी जब बाई अंजलि साहु रानी साहू बोहरा निषाद नमिता साहू रेखा साहू गायत्री साहू उत्तरा साहू प्यारी बाई साहू सरस्वती साहू हेमलता साहू राजकुमारी घृतलहरे संतोषी साहू सुनीता साहू लीला साहू कश्मीरा देवांगन भामिनी देवांगन संतोषी मेरी सावित्री घृतलहरे त्रिवेणी पहले आदि बहुत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा 13 अगस्त को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के रामस्वरूप दास निरंजन लाल धरमशाला वीआईपी रोड रायपुर में 11 वे अखिल भारतीय अग्रवाल विवाह योग्य युवक-युवती एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया,इस अवसर पर उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अशोक अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, मीनू लाल अग्रवाल, कृष्ण अवतार अग्रवाल,छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल,हरिवल्लभ अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, छत्तीसगढ़ प्रांत युवा अग्रवाल मंच की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष संध्या अग्रवाल, महिला इकाई की रायपुर जिले की अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल,प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर, जिले के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे, कार्यक्रम का शुभारंभ श्री श्री 1008 अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना एवं आरती के साथ हुआ तत्पश्चात आगंतुक सभी अतिथियों का तिलक लगाकर एवं बैच लगाकर तथा माल्यार्पण के साथ आयोजन समिति की ओर से स्वागत किया गया, कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर ने विस्तार पूर्वक परिचय सम्मेलन के संबंध में जानकारी दी, तथा बताया कि यह परिचय सम्मेलन विगत 10 वर्षों के से समाज के सभी बंधुओं के सहयोग से आयोजित हो रहा है, एवं इस वर्ष भी इस परिचय सम्मेलन को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर काफी उत्साह है,कार्यक्रम को संरक्षक हरिवल्लभ अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए परिचय सम्मेलन की महत्ता पर प्रकाश डाला साथ ही कार्यक्रम को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अशोक अग्रवाल एवं संभागीय अग्रवाल बिलासपुर के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज अग्रवाल समाज द्वारा ऐसे आयोजनों से उच्च शिक्षित बच्चों को अपने जीवन साथी चुनने का एक अच्छा मंच मिलता है, साथ ही वर्तमान समय में ऐसे आयोजनों की नितांत आवश्यकता है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया जिले के अस्पतालों का निरीक्षण

**रायगढ़।** स्वास्थ्य विभाग को जांच में 3 स्वाइन फ्लू के मरीज मिले हैं। इनमें उच्चभिट्ठी की रहने वाली 52 साल की महिला, कुडुमकेला की 52 साल की महिला और रायगढ़ शहरी क्षेत्र की 34 वर्षीय महिला शामिल है। तीनों के सैंपल जिंदल फोर्टिस अस्पताल से बुधवार को जांच के लिए भेजे गए थे। स्वाइन फ्लू से बचने को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता एवं त्वरित जांच की जा रही है। इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी के निर्देश पर जिले के अस्पतालों में शुक्रवार को पहुंची थी। एक टीम का नेतृत्व जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. योगेश पटेल तो दूसरी टीम का नेतृत्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस टोप्पो कर रहे थे। डॉ. योगेश पटेल ने बताया हमने उन सभी अस्पतालों को सैंपल जांच सख्त करने के निर्देश दिये हैं जहां स्वाइन फ्लू के संभावित लक्षण वाले मरीज आ रहे हैं क्योंकि कोरोना और स्वाइन फ्लू के लक्षण कमोबेश एक जैसे ही हैं। ऐसे में अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज हमने निर्देश दिए हैं और इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय कलेक्टर, जिला-बस्तर, जगदलपुर
(आदिवासी विकास शाखा)
Email :- actd.jdp@gmail.com Phone/Fax No. 07782-222520

// मैनुअल पद्धति से संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/आ.वि./निर्माण/ 3723/2022/जगदलपुर, दिनांक 10.08.2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत जिला बस्तर में विभागीय अनुरक्षण/लघु निर्माण मदांतर्गत स्वीकृत निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील है पर प्रपत्र- ''अ'' में लोक निर्माण विभाग (भ./स.) में पंजीकृत संविदाकारों से प्रतिशत दर पर मुहरबन्द निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जगदलपुर जिला बस्तर के नाम से एफ.डी.आर. द्वारा प्रस्तुत करना होगा।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 22.08.2022 (सायं 5:00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र वितरण/निविदा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि :- 23.08.2022 (सांय 5:00 बजे तक)
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 26.08.2022 (स्पीड पोस्ट से 5:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि :- 29.08.2022 (अपरान्ह 3:00 बजे)

| क्र. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बालक आश्रम पाथरी के भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | बकावण्ड | 8.38 | 6300.00 |
| 2 | प्री.मे. बालक छात्रावास पोटानार के भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | तोकापाल | 7.16 | 5400.00 |
| 3 | प्री.मे. बालक छात्रावास चोकर के भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | बस्तर | 11.90 | 9000.00 |
| 4 | बालक आश्रम कोड़ेनार के भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | बास्तानार | 12.97 | 9800.00 |
| 5 | बालक आश्रम बुरगुम के भवन में विद्युत मरम्मत कार्य। | बास्तानार | 2.01 | 2100.00 |
| 6 | कन्या आश्रम ढोढरेपाल के भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | दरभा | 5.47 | 4200.00 |
| 7 | बालक आश्रम सुरगुड़ा के भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | लोहण्डीगुड़ा | 4.10 | 4100.00 |
| 8. | कमला नेहरू प्री.मे. कन्या छात्रावास जगदलपुर के भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | जगदलपुर | 19.79 | 14900.00 |
| 9. | बालक आश्रम शाला बड़े काकलूर के भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | बास्तानार | 11.33 | 8500.00 |

टीप :- 01. पंजीकृत वर्ग- 'डी' या उच्च श्रेणी संविदाकार निविदा में शामिल हो सकते हैं।
02. प्रति कार्य निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये 750.00 है।
03. प्रति कार्य पूर्णता तिथि 03 माह निर्धारित है।

उपरोक्त जीर्णोद्वार/निर्माण कार्य की निविदा की नियम व शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-93572/4

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, जगदलपुर

### कलेक्टर रानू साहू व पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# मिनी स्टेडियम में हुआ स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल मिनी स्टेडियम में सुबह 8.30 बजे प्रारंभ हुआ। कलेक्टर रानू साहू एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा मंच पर पहुंचे। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इसके पश्चात परेड निरीक्षण किया गया। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी मंच पर उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात सलामी, राष्ट्रगान व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में 6वीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना व एनसीसी कैडेट की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर रानू साहू व पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर साहू ने मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, पेयजल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के अनुसार सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक महेश्वर नाग, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**उच्च शिक्षा मंत्री करेंगे ध्वजारोहण** - 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल मुख्य अतिथि होंगे तथा जिला कार्यालय ग्राउण्ड (मिनी स्टेडियम) रायगढ़ में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये जायेंगे।

## रिलायंस ज्वेल्स ने 'आभार कलेक्शन 2022' के लॉन्च के साथ अपनी 15वीं वर्षगांठ मनाई



**रायपुर।** रिलायंस ज्वेल्स हर साल अपने बेहतरीन आभार कलेक्शन के डिज़ाइन में इनोवेशन के साथ अपनी सालगिरह पर कृतज्ञता की भावना का जश्न मनाता है। इस साल 15वीं वर्षगांठ के मौके पर पेश किया गया 'आभार कलेक्शन 2022' मॉडर्न एवं ज्योमैट्रिक होने के साथ-साथ सारग्राही भी है, जो दृष्टि-भ्रम यानी ऑप्टिकल इल्यूजन से प्रेरित है और भविष्य की ओर देखने की सोच को दर्शाता है। रिश्तों की डोर, नए कल की ओर इस कैंपेन की थीम है, जो सही मायने में आभार कलेक्शन 2022 के डिज़ाइनों के अनुरूप है। यह एक नए और ख़ूबसूरत भविष्य की ओर साथ मिलकर आगे बढ़ने के वादे को प्रदर्शित करता है। ज्यामितीय आकृतियों, 3डी प्ले-ऑन एलिमेंट्स के साथ डिज़ाइन किए गए गोल्ड एवं डायमंड इयररिंग्स का लुक और अधिक ख़ूबसूरत नज़र आता है, जो इसे नए जमाने के फैशन में सबसे आगे रहने वाली तथा आत्मविश्वास से भरी महिलाओं के लिए श्रृंगार का सबसे आदर्श साधन बनाता है। 'ऑप्टिकल इल्यूजन' के शानदार विचार को समकालीन ज्यामितीय पैटर्न, अलग-अलग परतों, रेखाओं एवं आकार के सारग्राही मिश्रण के साथ बड़ी ख़ूबसूरती से पेश किया गया है। इस कलेक्शन के हर डिज़ाइन को ग्राहकों की पसंद के अनुरूप स्टाइलिंग विकल्पों की पूरी रेंज के साथ प्रस्तुत किया गया है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर अदाणी फाउंडेशन का सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता < साल्ही
www.dailypioneer.com





विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में अदाणी फाउंडेशन द्वारा कल राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के सरगुजा स्थित परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) खुली खदान के आस पास के 14 ग्रामों के गणमान्य आदिवासी नागरिकों को सम्मानित किया गया। अदाणी फाउंडेशन हर वर्ष विश्व आदिवासी दिवस पर पीईकेबी के ग्रामों में आदिवासी समुदाय के उत्थान में उत्कृष्ट योगदान के लिए आदिवासी नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित करता है। सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर अदाणी इंटरप्राइजेस सरगुजा के क्लस्टर हेड मनोज कुमार शाही मौजूद थे, जबकि अध्यक्षता भू -अधिग्रहण के हेड संजय कुमार श्रीवास्तव और अदाणी विद्या मंदिर के प्राचार्य दिलीप कुमार ने की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत साल्ही के सरपंच विजय सिंह कोर्राम, ग्राम पंचायत परसा के सरपंच झल्लू राम, ग्राम फतेहपुर के रघुनाथ, शासकीय प्राथमिक शाला घाटबर्रा के शिक्षक देव सिंह, ग्राम विकास केंद्र साल्ही की प्रमुख रायमुनि, ग्राम पंचायत तारा की पूर्व सरपंच संपतिया और ग्राम जनार्दनपुर के पूरन सिंह सहित 200 से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया। इसके साथ महिला उद्यमी बहुउद्देशीय सहकारी समिति (मब्स) की अध्यक्ष अमिता सिंह, और उपाध्यक्ष वेदमती उइके को भी क्षेत्र के आदिवासी महिलाओं के आजीविका संवर्धन में सहायता हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए क्लस्टर हेड मनोज कुमार शाही ने कहा कि, आरआरवीयूएनएल द्वारा सामाजिक सरोकारों के तहत चलाये जाने वाले सभी कार्यक्रम स्थानियों के विकास को ध्यान में रखकर चलाये जा रहे है। इसमें न सिर्फ यहां के आदिवासी भाइयों का विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है अपितु उनके ग्रामों को भी विकास की राह में अग्रेषित करने हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पधारे सभी आदिवासी गणमान्य लोगों का शैला नृत्य से अभिनंदन किया गया। वहीं मंच का संचालन सावित्री अर्मो, ग्राम समन्वयक - मब्स ने किया। सभी आदिवासी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्थायी आजीविका और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आरआरवीयूएनएल के सामाजिक सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलायी जा रही सामुदायिक विकास की परियोजनाओं की सराहना की और इसे जारी रखने की अपील की गई।

**अदाणी फाउंडेशन के बारे में:** 1996 में स्थापित, अदाणी फाउंडेशन वर्तमान में 18 राज्यों में सक्रिय है, जिसमें देश भर के 2250 गाँव और कस्बे शामिल हैं। फाउंडेशन के पास प्रोफेशनल लोगों की टीम है, जो नवाचार, जन भागीदारी और सहयोग की भावना के साथ काम करती है। वार्षिक रूप से 3.2 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित करते हुए अदाणी फाउंडेशन चार प्रमुख क्षेत्रों- शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य, सतत आजीविका विकास और बुनियादी ढ़ांचे के विकास, पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सामाजिक पूंजी बनाने की दिशा में काम करता है। अदाणी फाउंडेशन ग्रामीण और शहरी समुदायों के समावेशी विकास और टिकाऊ प्रगति के लिए कार्य करता है, और इस तरह, राष्ट्र-निर्माण में अपना योगदान देता है।

## नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने आजादी के अमृत उत्सव के तहत तिरंगा यात्रा निकाली



**तिल्दा नेवरा।** सरस्वती शिशु मंदिर तिल्दा नेवरा में तिरंगा यात्रा को उत्साहमय वातावरण में मनाया गया। सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार की गीत गाकर यात्रा की शुरुवात किया गया, रैली के दौरान हाथ में तिरंगा थामे 1100 छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान नगर के गण एवं दीदी जी भी साथ रहकर छात्रों का मार्गदर्शन कर रहे थे। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर छात्रों के ऊपर पुष्प वर्षा भी की गई। विद्यालय के प्राचार्य श्रवण कुमार साहू ने कहा कि सभी छात्रों व नागरिकों में तिरंगे के प्रति सम्मान, देश भक्ति और राष्ट्र प्रेम जागृत करने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।।बच्चों ने घर-घर तिरंगा, आजादी के 75 साल पूरे हुए, वंदे मातरम एवं भारत माता की जय की का नारा पूरे जोश एवं उत्साह के साथ नगर में गूंज रही थी।तिरंगा यात्रा का प्रारंभ सरस्वती शिशु मंदिर नेवरा , के प्रांगण से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में सभा का आयोजन कर राष्ट्र भक्ति गीत बजाया गया जिसमे बच्चे जमकर झूमे नाचे अंत में सरस्वती शिशु मंदिर नेवरा में जा कर यात्रा समाप्त हुआ पवन अग्रवाल अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर नेवरा ने कहा की ,घर घर तिरंगा लहराना है।

## न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा धूमधाम से मना रहा आजादी का अमृत महोत्सव

**रायपुर।** आजादी के 75वें वर्षगांठ पर पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसी श्रृंखला को आगे बढाते हुये तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने हेतु न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा द्वारा संयंत्र प्रमुख राजू रामचंद्रन की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव धुमधाम से मनाया जा रहा है जिसके तहत् विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे है। सर्वप्रथम राजू रामचंद्रन ने संयंत्र के मेनगेट में तिरंगा ध्वजारोहण कर अपने संदेश में कहा कि भारत वर्ष को विश्वगुरु बनाने की दिशा में आज से समूचा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से नई पीढी को उन लोगों के बारे मे बताया जा रहा है जिन्होने स्वाधिनता संग्राम में बलिदान दी। इससे नई पीढी में देशभक्ति जागेगा तथा राष्ट्रप्रेम की भावना बढेगी। कार्यक्रम की अगली कडी में ओ.एस.सी प्रमुख डॉ. अजीत पाण्डे एवं उनकी टीम के द्वारा संयंत्र तथा रेडक्रास सोसायटी रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 200 लक्ष्य के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसका राजू रामचंद्रन ने रिबन काटकर औपचारिक उद्घाटन किये। रक्तदान महादान की भावना को बलवती बनाने हेतु सर्वप्रथम विभागाध्यक्ष शैलेन्द्र सिन्हा, धनंजय सिंह, सुदीप द्विवेदी, चन्द्रशेखर उपाध्याय, मिथलेश चैधरी एवं संजीव श्रीवास्तव ने रक्तदान की शुरुवात की। इसके उपरांत संयंत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान कर जीवन बचाने की दिशा में अपना योगदान दिये। इसके पश्चात् सुरक्षा विभाग द्वारा सुरक्षाकर्मियों की मेहनत, लगन, ईमानदारी और कर्मठता को प्रोत्साहित करने के लिये अभिप्रेरण कार्यक्रम 'बडा खाना' का आयोजन किया गया जिसमें सुरक्षा प्रमुख राजन सिंह ने उद्देश्य की जानकारी दी तथा संयंत्र प्रमुख राजू रामचंद्रन ने सुरक्षा अधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों के उत्कृष्ट योगदान सराहना करते हुये अनवरत बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रोत्साहित किये।

# कुरूक्षेत्र में कांकेर अनिल बिखेर रहे जलवा





**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में इस साल का सबसे बड़ा छत्तीसगढ़ फ़िल्म कुरुक्षेत्र जो 12 अगस्त को रिलीज किया गया है। जिसमें फूफू के नाम से प्रसिद्ध कांकेर जिले के विकासखंड नरहरपुर में रहने वाले अनिल सिन्हा अब आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ फ़िल्म में अपना जलवा बिखरे रहे है। एक छोटे से किरदार में निभाते उनका सफर यहां पहुँच चुका है छोटे से स्क्रीन में काम करते करते छत्तीसगढ़ फ़िल्म में दो सुपर स्टार करण खान व दिलेश साहू के साथ फिल्म में काम कर रहे है।

यू ट्यूब चैनल में फूफू के नाम से कई वीडियो बना चुके हैं। इनके कार्य को देखकर कई छत्तीसगढ़ फिल्म के निर्माता अब इन्हें अब अपनी फिल्मों में जगह दे रहे हैं। 12 अगस्त को रिलीज होने वाली छत्तीसगढ़ी कुरुक्षेत्र जिसमें अनिल सिन्हा भी अपना किरदार निभाते नजर आयेंगे। निर्माता-निर्देशक उदय कृष्ण कहते हैं, यह दो भाइयों की कहानी है। दोनों में गहरा प्यार है। क्लाइमेक्स तक आते-आते कहानी अगले भाग के लिए छोड़ दी गई है।

**तीन रोल करेंगे अनिल**

फूफू के नाम से प्रसिद्ध अनिल सिन्हा इस मूवी में तीन रोल करने जा रहे हैं। पहला तो फूफूऔर दूसरा फूफा। तीसरा अनिल का। वे कहते हैं, यह फिल्म मेरे लिए किसी ड्रीम प्रोजेक्ट से कम नहीं है। मैं जैसी फिल्म चाहता था उससे ज्यादा बढिय़ा मिली। इसके लिए मैं उदय सर का आभारी रहूंगा।

## हरनगढ़ गौठान उत्कृष्ट गौठान के रूप में चयनित



**कांकेर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के 10 हजार 624 गौठानों में से उत्कृष्ट तीन गौठानों का चयन किया गया है, जिनमें कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के डोन्डे हरनगढ़ गौठान को भी उत्कृष्ट गौठान के रूप में चयनित हुआ है, जो कांकेर जिले के लिए बहुत गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को हरनगढ़ गौठान समिति के अध्यक्ष विष्णु साहू को 50 हजार रूपये, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने हरनगढ़ गौठान को प्रदेश के उत्कृष्ट गौठान के रूप में चयनित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गौठान समिति के अध्यक्ष विष्णु साहू एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, कृषि विभाग के उप संचालक एन.के. नागेश तथा पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. सत्यम मित्रा सहित हरनगढ़ गौठान समिति एवं महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



**रायपुर।** कोई अपना सा हो और डुमरतराई व्यपारी कल्याण महासंघ ने थैलेसीमिया और सिकलसेल पीड़ित बच्चों की मदद के लिए सिटी ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान कैंप का आयोजन किया।

## कलेक्टर और एसपी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम चुनचुनिया, मोतिमपुर, नगपुरा और सांवतपुर का निरीक्षण



**मुंगेली।** जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत ने संयुक्त रूप से पथरिया विकासखण्ड के मनियारी नदी के तट पर स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्राम चुनचुनिया, मोतिमपुर, नगपुरा और सांवतपुर का निरीक्षण किया और बाढ़ से प्रभावित इन ग्रामों के ग्रामीणों से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर राशन, पेंशन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में हो रहे अधिक बारिश को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हालात पर नजर बनाए हुए है।

## जिला अस्पताल बलौदाबाजार गढ़ रहा गुणवत्ता के नए आयाम



**बलौदाबाजार।** जिला अस्पताल बलौदाबाजार ने अपनी स्थापना के बाद से ही आम जनता को न केवल बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की ओर अग्रसर है। बल्कि विभिन्न प्रकार की उत्कृष्टता बाबत अपनाए गए मापदंडों पर भी सतत रूप से खरा उतर कर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस कड़ी में स्वच्छ अस्पताल हेतु चल रही कायाकल्प योजना में एक बार पुनः जिला अस्पताल ने सफलतापूर्वक अपना स्थान बनाया है तथा शासन द्वारा पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है। योजना अंतर्गत वर्ष 2021-22 के लिए हुई पुरस्कारों की घोषणा में जिला अस्पताल को राज्य स्तर पर कंसिस्टेंसी पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यहाँ विशेष बात यह है कि अस्पताल को मूल्यांकन में प्रथम स्थान प्राप्त बीजापुर और रनर अप रहे कवर्धा से भी अधिक 89.9 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं जो की सर्वाधिक हैं। चूँकि बलौदबाजार गत वर्ष भी पुरस्कृत हुआ था ऐसे में अन्य संस्थानों को अवसर देते हुए जिला अस्पताल को कंसिस्टेंसी पुरस्कार प्रदान किया गया। कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं का कुल छः मानकों अस्पताल का रखरखाव, साफ सफाई ,वेस्ट प्रबंधन,संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सुविधाएं और हाइजीन प्रमोशन पर किये गए कार्य हेतु मूल्यांकन किया जाता है।

## जिले के प्रभारी मंत्री गुरू रूद्रकुमार मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे



**मुंगेली।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गुरू रूद्र कुमार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को सुबह 09 बजे जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में मुख्य अतिथि की आसंदी से राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। जिला कलेक्टोरेट से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा और प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। प्रातः 9.02 बजे राष्ट्रगान होगा। प्रातः 9.05 बजे मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दी जाएगी। प्रातः 9.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन और प्रातः 9.35 बजे प्रशस्ति पत्र का वितरण एवं कार्यक्रम का समापन होगा।

## अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रवृत्ति :आनलाइन आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2022-23 में प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स (इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं अन्य तकनीकीय स्तर के लिए) ऑनलाईन छात्रवृत्ति हेतु वेबसाईट पर ऑनलाईन की प्रक्रिया संपादित किये जाने हेतु ऑनलाईन पोर्टल प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन संस्थाओं में अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी और जैन समुदाय) के छात्र एवं छात्राएँ अध्ययनरत् हैं। ऐसे संस्थाओं के संस्था प्रमुख प्री. मैट्रिक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति हेतु 30 सितम्बर तक और पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति हेतु 31 अक्टूबर तक ऑनलाईन पोर्टल पर प्रक्रिया कर प्रवष्टि पूर्ण कराना तथा आनलाईन किए गए।

# भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान से देश भक्ति के रंग में रंगा जशपुरांचल





पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगरपालिका जशपुर की पूर्व उपाध्यक्ष प्रियम्वदा सिंह जूदेव ने शहर के विभिन्न वार्डों की पदयात्रा कर,हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया। इस दौरान उन्होनें शहरवासियों से 13 से 15 अगस्त तक पूरे सम्मान के साथ अपने घर,दुकान और कार्यालय में तिरंगा झंडा फहराने की अपील की। अभियान का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय राधाकांत भवन से हुई। अभियान के लिए सुबह से ही भाजपा के कार्यकताओं और पदाधिकारी जुटने लगे थे। दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे जूदेव के नेतृत्व में अभियान शुरूआत हुई। भाजपा कार्यालय से भारत माता की जय के गगनचुंबी नारे के साथ रैली की शक्ल में कार्यकर्ता

**शहर में प्रियंवदा सिंह जूदेव,आस्ता में सांसद गोमती साय ने समहाला मोर्चा**

**सन्ना में रघुपति राघव राजाराम के भजन के साथ कृष्णकुमार राय उतरे मैदान में**

दुकानों में झंडा का वितरण करते हुए बस स्टेण्ड पहुंचें। यहां जूदेव ने घूम घूम कर दुकान और होटल संचालकों को तिरंगा झंडा देकर,इसे सम्मान पूर्वक फहराने की अपील करते हुए,श्री दिगंबर जैन मंदिर की सामने रहने वाले शहर के वरिष्ठ नागरिक श्रीपाल जैन के घर पहुंचें। आपातकाल में मीसाबंदी रह चुके श्रीपाल जैन को तिरंगा झंडा भेंट कर, जूदेव ने उनसे आर्शिवाद लिया। तिरंगा झंडा हाथ में आते ही 82 वर्षिय वयोवृद्व श्रीपाल जैन की शरीर में गजब की फूर्ती आ गई। उन्होनें प्रियम्वदा सिंह जूदेव के साथ कदम से कदम मिलाते हूए आसपास के रहवासियों को झंडा दिया। इस दौरान भाजपा के युवा कार्यकर्ता भारत माता की जय,झंडा उंचा रहे हमारा का नारा लगा रहे थे। अभियान संपन्न होने के बाद मिडिया से चर्चा करते हुए जूदेव ने कहा कि हर घर तिरंगा स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारतीय जनता पार्टी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत भाजपा के जनप्रतिनिधि,पदाधिकारी और कार्यकर्ता शहर से लेकर गांव तक हर घर में जा कर लोगों को तिरंगा झंडा भेंट कर,इसे पूरे सम्मान के साथ फहराने की अपील कर रहें हैं। उन्होनें बताया कि शहर में यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। भाजपा के पार्षद और कार्यकर्ता झंडा का वितरण करेगें।

# सरयू साहित्य परिषद का नवधा रामायण मंडप में प्रतिभावान सम्मान सहित विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सरयूपारी ब्राम्हण समाज के आयोजन प्रकल्प सरयू साहित्य परिषद द्वारा विविध तरह के आयोजन किये जा रहें है, इसी कड़ी में 14 अगस्त को स्थानीय नवधा रामायण मंडप में दोपहर दो बजे विभिन्न आयोजनों की रुपरेखा रखी गयी है। उक्त आयोजन कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, आचार्य झम्मन शास्त्री एवं कन्हैयाधर दीवान के आतिथ्य में संपन्न होगा। कोरोना काल के तहत थमी हुई आयोजनों की प्रक्रिया इस वर्ष सामान्य हालात के चलते प्रारंभ होती हुई दिख रही है, इसी के मद्देनजर प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान के लिए तीन शैक्षणिक सत्रों का चयन किया गया है, जिसमें 2020-21 एवं 2022 के दसवीं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा, साथ ही साथ कोरोना काल में दसवीं बारहवीं के सफल सभी विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा। प्रतिभागी बनने एवं आयोजन संबंधी जानकारी के लिए संपर्क सूत्र गौरीशंकर शर्मा, मुकेश शर्मा उषा मिश्रा एवं कविता शर्मा से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान आयोजन के साथ ही विविध क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करनें वाले व्यक्तित्वों का भी सम्मान किया जायेगा, जिसके तहत साहित्य, क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं अन्य विविध क्षेत्रों में आयाम स्थापित करनें वाले सरयूपारी ब्राम्हण समाज के व्यक्तित्वों का चयन किया जायेगा। आयोजन की अगली कड़ी सामाजिक परिचर्चा एवं पुस्तक विमोचन के रुप में संपन्न होगी, पुस्तक विमोचन के तहत पियूष सहाय द्वारा देश भर के नवोदित साहित्यकारों की रचनाओं को पुस्तक के रुप में एक मंच प्रदान किया गया है, जिसमें लगभग तीस नवोदित साहित्यकारों की रचनाएँ समाहित है, जिसका विमोचन देशभर में हो रहा है, एन वायज की शीर्षक पुस्तक मे मुस्कान शर्मा की रचनाएँ भी संकलित है, जिसका विमोचन अतिथियों के करकमलों से किया जायेगा, साथ ही साथ आयोजन की समापन कड़ी सामाजिक परिचर्चा के रुप में संपन्न होगी, जिसमें भाटापारा सरयू समाज वर्तमान परिस्थितियों पर बुद्धिजीवियों द्वारा चिंतन मंथन किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चारामा में किया भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का अनावरण

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दोपहर को जिले के विकासखंड मुख्यालय चारामा में भगवान बिरसा मुंडा की लगभग 15 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उक्त मूर्ति को चारामा से कोरर मार्ग पर दरगहन चौक में आदिवासी समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की स्थापना की गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए मूर्ति का अनावरण किया। साथ ही क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए समाज के गौरव बिरसा मुंडा का स्मरण कर उनकी मूर्ति पर पुष्पहार अर्पित किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री बघेल ने परिसर में कदंब के पौधे लगाकर उसे सींचा। इस अवसर पर विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी, पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज, बस्तर संभाग के कमिश्नर श्याम धावड़े, कलेक्टर ऋचा शर्मा, एसपी शलभ सिन्हा, के अलावा सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर, गोंडवाना समाज के जिलाध्यक्ष मानक दरपट्टी, चारामा अध्यक्ष रैनसिंह कांगे, सर्व आदिवासी समाज चारामा अध्यक्ष गौतम कुंजाम, समाज प्रमुख ठाकुर राम कश्यप सहित आदिवासी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने दानदाता का किया सम्मानः- इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दरगहन चौक पर बिरसा मुंडा की मूर्ति की स्थापना हेतु जमीन दान में देने वाले जोशी परिवार का सम्मान शाल और श्रीफल भेंट कर किया। परिवार की ओर से वयोवृद्ध चंद्रकांत, हरिप्रिया जोशी ने मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नन्हीं बालिका कु. तनुश्री जोशी के साथ भेंट कर तस्वीर भी खिंचाई।

# देश के विभाजन से उत्पन्न विभीषिका से नौनिहालों को अवगत कराने घोलेंगे होली क्रॉस स्कूल में फ़ोटो प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सन 1947 में भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली आजादी की इस लड़ाई में भारत के सभी धर्म के लोगों ने अपनी कुर्बानियां दी तब जाकर यह देश आजाद हुआ। आजादी का जश्न सभी के सिर चढ़कर बोल रहा था अपने अपने घरों पर लोग आजादी को महसूस कर रहे थे लेकिन इसी बीच देश के बंटवारे की बात भी चल रही थी और राजनीतिक परिदृश्य से होते हुए यह धरातल तक हो पहुंची और देश के दो टुकड़े हो गए एक हिंदुस्तान और एक पाकिस्तान। और इस विभाजन के बाद लोगों के बीच दो जगह पर जाने की जद्दोजहद शुरू हुई जिसे विभाजन की विभीषिका का नाम दिया गया। इस विभीषिका में कई बच्चे बूढ़े और जवान परेशान होकर घायल स्थिति पर पहुंचे कुछ की मौत भी हुई। हालात बद से बदतर रहे चारों ओर संघर्ष और संघर्ष की कहानियां बिखरी पड़ी थी।

इस विभीषिका से आजादी के संघर्ष में रहे लोगों को जानकारी थी। पर आजादी के अब 75 बरस पूरे होने को हैं नई पीढ़ी को इस विभीषिका के बारे में कुछ भी पता नहीं है। इसलिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन के द्वारा देश के सभी जिलों में विभाजन की विभीषिका विषय पर छायाचित्र की प्रदर्शनी की जा रही है और नौनिहालों को विभीषिका से अवगत कराया जा रहा है। जिले में जिला मुख्यालय में स्थित घोलेंग होली क्रॉस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में विभाजन की विभीषिका फेटो प्रदर्शनी का आयोजन 13 अगस्त से किया जा गया है। इसका उद्घाटन जशपुर विधायक विनय भगत के द्वारा किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

ईकोट क्र.........ब/212 वर्ष 2021-22
ग्राम-झिरौनी प.ह.नं. 47

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि-आवेदक गोविंदराम पिता चरणराम चन्द्रवंशी निवासी ग्राम झिरौनी तहसील कवर्धा द्वारा अपने भाभी पुसैयाबाई पति जगदीश चन्द्रवंशी साकिन झिरौनी की मृत्यु प्रमाण पत्र की शासकीय कार्य में आश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के भाभी पुसैयाबाई की मृत्यु दिनांक 19/03/2021 को ग्राम झिरौनी में हुई है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक-16/08/2022

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**पिपरिया (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार दुलदुला**
**जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

पेशी दिनांक 16.08.2022
रा.प्र.क्र./35/अ-27/2021-22
ग्राम चराईडांड, तहसील दुलदुला

न्यायालय के समक्ष तहसीलदार स्थान-दुलदुला प्र.क्र.35/अ-27/2021-21 क्योंकि मौजा, चराईडांड, प.हं.नं.01, तहसील दुलदुला, जिला जशपुर (छ.ग.) के सह-भूमिस्वामी, किशोर पिता याकुब जाति उरांव, निवासी ग्राम चराईडांड, तहसील दुलदुला, जिला जशपुर (छ.ग.) बनाम येशुदास पिता दाऊद वगैरह अन्य 03 सभी जाति उरांव निवासी ग्राम चराईडांड तहसील दुलदुला, जिला जशपुर (छ.ग.) ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन करने हेतु प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/08/2022 स्थान दुलदुला पर समय 11:00 बजे नियत किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो एवं अपनी आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

***खाता का विवरण***

सर्वेक्षण संख्यांक/भू-खंड 465, 516, 613 कुल ख. नं. 03, क्षेत्रफल 1.769 हे. 0.061 हे. 1.554 हे., कुल 3.384 हे., भू-राजस्व 3.50, 3.50 रू.

मुहर

**तहसीलदार**
**दुलदुला, जिला जशपुर (छ.ग.)**

# आक्रामक हाथियों के दल ने महाराष्ट्र कूच किया, ग्रामीणों में अब भी बनी हुई है दहशत

## जिस रास्ते से आए उसी रास्ते से लौटे, दोबारा फिर धमक का बना हुआ है खतरा

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लगभग सप्ताह भर राजनांदगांव जिले की छत्तीसगढ़ - महाराष्ट्र की सीमा पर जंगल में डेरा डाले रहे 22 हाथियों का दल एक बार फिर महाराष्ट्र की ओर कूच कर गया है। कल देर शाम तक ग्राम बुकमरका के आसपास मौजूद यह दल देर रात तक महाराष्ट्र के मुरुमगांव की ओर बढ़ गया। बॉर्डर से सटे गांव के लोगों ने हाथियों के दल के चले जाने के बाद राहत की सांस ली है लेकिन उनमें दहशत अब भी बनी हुई है।

हाथियों का यह दल लगभग 11 महिनों पहले बालोद जिले से होते हुए राजनांदगांव जिले के वनांचल पहुंचा था। उस दौरान लगभग माह भर हाथी यहां के जंगल में विचरते रहे। उन्होंने कुछ गांवों में घरोंऔर फसल-अनाज को नुकसान पहुंचाया था। इसके बाद हाथियों का यह दल महाराष्ट्र की ओर बढ़ गया था।




इस महिने के शुरुआती सप्ताह में ही हाथियों ने एक बार फिर इस इलाके में धमक दी थी। गुरुवार को ग्राम भैंसबोड़ में हाथियों के इस दल ने दो ग्रामीणों को कुचलकर मार डाला। इस दौरान उन्होंने ग्राम भैंसबोड़ सहित कुछ और गांवों के घरों को भी तोड़ दिया। जिस गांव के आसपास हाथियों का दल मौजूद रहा एहतियातन वहां के ग्रामीणों को बस्ती से दूर रखा जा रहा था।

**बुकमरका से मुरुमगांव की ओर बढ़े :** शुक्रवार की देरशाम ग्राम बुकमरका के ग्रामीणों ने हाथियों की चिंघाड़ सुनी थी। इसके बाद पूरी रात गांव में दहशत बनी रही। लोग घरों में दुबके रहे लेकिन खतरा बना रहा। यहां वनअमला भी मौजूद नहीं था। इस बीच जानकारी आई कि हाथियों का दल देर रात को गढ़चिरौली के मुरूमगांव वन इलाके में पहुंच गया है। यह इलाका मानपुर के घने जंगल बुकमरका से सटा हुआ है। पिछले साल भी हाथियों ने इसी रास्ते से महाराष्ट्र का रूख किया था। अफसरों का अनुमान है कि हाथियों के दल ने इस इलाके को अपना रास्ता बना लिया है।

**सिर्फ नज़रे गड़ाए बैठा रहा अमला :** इस दौरान वनअमला हाथियों पर नज़रे गड़ाए रहा लेकिन उनके हमलावर होने पर किसी तरह की रणनीति और योजना विभाग के पास नहीं रही। हाथियों के दोबारा लौटने से पहले विभाग निश्चिंत बैठा रहा और किसी तरह की मैदानी तैयारियां नहीं की गई। जबकि इस दौरान विभाग के पास काफी वक्त था। आने वाले समय में हाथियों का दाल फिर इस इलाके में लौट सकता है। ऐसे में जरुरी है कि विभाग अपनी तैयारियों को दुरुस्त करे।

**फिर लौटने की आशंका :** जिस तरह हाथियों का दल दोबारा इस इलाके में लौटा था... आशंका बनी हुई है कि आने वाले समय में यह दल दोबारा मोहला-मानपुर इलाके के जंगल में आ धमके और बस्तियों को निशाना बनाए। हाथियों से खतरा तब और बढ़ जाता है जब महुए की फसल का दौर आता है। महुआ खाकर हाथी आक्रामक हो जाते हैं। यह स्थिति आबादी इलाकों के लिए बेहद खतरनाक साबित होती है।

**अभी राहत, लेकिन दहशत कायम :** हाथियों के दल में बच्चे भी शामिल हैं। माना जा रहा है कि इस वजह से भी हाथी जल्दी और ज्यादा आक्रामक हैं। फिलहाल तो इस दल के महाराष्ट्र कूच करने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है लेकिन अंधेरे में होने वाली हर आहट उन्हें दहशत में ला देती है। जंगल से लगी बस्तियों के ग्रामीणों में अब भी डर बैठा हुआ है। ग्राम भैसबोड़ में हाथियों के हमले में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवारों को वन अमला 6-6 लाख रुपए की मुआवजा राशि मुहैया कराएगा। इसी तरह जिनके घरों को नुकसान हुआ है उन्हें भी आंकलन कर मुआवजा बांटा जा रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया गया अंतिम रिहर्सल



■ जिला पंचायत सीईओ ने निभाया मुख्य अतिथि का दायित्व

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का रिहर्सल सुबह 9 बजे सर्वेश्वरदास स्कूल मैदान में किया गया। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। जिला पंचायत सीईओ ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर डीआईजी रामगोपाल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड आफ ऑनर दिया गया।

रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र गुप्ता ने किया। पुलिस उप निरीक्षक इन्द्रमन सिंह यादव ने परेड आई-टू-सी का दायित्व निभाया। परेड में आईटीबीपी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8वीं बटालियन राजनांदगांव, पीटीएस बल पुरूष राजनांदगांव, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, नगर सेना, एनसीसी बालक दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी कमला कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी कन्या दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी स्टेट स्कूल एवं एनसीसी म्यूनिसिपल स्कूल, एनसीसी म्यूनिसिपल स्कूल, स्काउट स्टेट स्कूल राजनांदगांव शामिल हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त आशुतोष चतुवेदी, संयुक्त कलेक्टर इंदिरा देवहारी, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम अरूण वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सरस्वती बंजारे, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम का मंच संचालन का कार्य एएसआई यातायात कमल किशोर श्रीवास्तव ने किया।

# तुमड़ीबोड में स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा




पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। उक्त यात्रा नेशनल हाईवे सहित गांव के मोहल्लों सहित बाजार एरिया से बस स्टापेज होते हुए मुख्य चौक चौराहों में पहुंची। इस दरम्यान राष्ट्रगान में शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों ने भी हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता प्रदान की। उक्त अवसर पर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू, किसान कांग्रेस नेता व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जनपद सदस्यनिर्मला जितेंद्र सिन्हा, ग्राम पंचायत सरपंच एवं भगत युवा संगठन के नेता टीकम पटेल सहित तुमड़ीबोड के विभिन्न संस्थानों के प्रमुख, व्यापारीगण, स्कूलों के शिक्षक व शिक्षिकाएं सहित ग्राम पंचायत के पंचगण व गांव की महिला समूह की महिलाएँ सम्मिलित हुए।

## जुलाई में हुए सर्वे के नतीजे, शहर को मिला ओडीएफ प्लस प्लस

**राजनांदगांव।** स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत स्वच्छता की केन्द्रीय टीम गत जुलाई माह में ओडीएफ प्लस प्लस के लिये छत्तीसगढ़ में आकर हर जिले में सर्वे की थी। सर्वे में राजनांदगांव नगर निगम को ओडीएफ प्लस प्लस का सर्टिफिकेट मिला। पूर्व में भी राजनांदगांव नगर निगम को तीन बार ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा मिला था, चौथीं बार ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा मिलने पर आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुवेदी सहित निगम पदाधिकारियों ने नगर निगम की स्वच्छता, तकनीकि टीम के अलावा नागरिकों को बधाई दियें है। आयुक्त डॉ. चतुवेदी ने बताया कि जुलाई में केन्द्र की तीन सदस्यीय स्वच्छता टीम शहर में सर्वे करने आये थे। टीम ने शहर के 22 टायलेट का सर्वे किया। इसी प्रकार शहर के हर कोने से 4 तालाब, 4 मौदानी क्षेत्र के अलावा व्यवसायिक क्षेत्र, हाट बाजार एवं शहर के अन्य क्षेत्रों का सर्वे कर फोटो ले के गये थे, जिसका अभी परिणाम आया और हमारे नगर निगम को पुनःओडीएफ प्लस प्लस का सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ।

# मांदर की थाप और सांस्कृति आयोजनों के बीच मनाया गया आदिवासी दिवस

■ युवाओं एवं शिक्षकों ने निकाली विशाल मोटर साइकिल रैली

पायनियर संवाददाता ∢ छुरिया
www.dailypioneer.com

विभिन्न गांवों में अंतर्राष्ट्रीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मांदर नृत्य के साथ रैली एवं सभा का आयोजन कर मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम डोंगरगांव में आयोजित हुआ जिसमें हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

आदिवासी नागवंशी गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कुरेटी,अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के ब्लाक अध्यक्ष खेलन सिंह ठाकुर,कोषाध्यक्ष नाथूराम सूर्यवंशी एवं सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोरी ने प्रातः 8:00बजे छुरिया से जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह डोंगरगांव में सामिल होने के लिए मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




पड़रामटोला में आयोजित कार्यक्रम में कलश यात्रा निकाल कर ग्राम भ्रमण किया गया।छुरिया नगर पंचायत भ्रमण पश्चात शिकारीमहका में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से भव्य रैलीअरसीटोला के आदिवासी सभा में पहुंची। इस बीच बरेठटोला में महिलाओं ने रैली में शामिल समाज प्रमुखों का आत्मीय स्वागत किया।

इस वर्ष छुरिया ब्लाक के ग्राम बूचाटोला,कल्लूबंजारी, छोटे मासूल, एटमेटा, गिधवाभंवर, शिकारीमहका, घुपसाल, अरसीटोला, नांदियाखुर्द, जोब, खोभा, आंको, पेण्ड्रीडीह में भी सर्व आदिवासी समाज के ग्राम इकाई द्वारा विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाया गया।

### बरसते पानी में भी बना रहा उत्साह

छुरिया ब्लाक मुख्यालय से निकली चार लोगों के मोटरसाइकिल रैली छुरिया से डोंगरगांव जाते तक विभिन्न वाहनों के माध्यम से हजारों की संख्या में तब्दील हो गयी। बरसते पानी में भी आदिवासियों का उत्साह कम होने के बजाय बढ़ता ही गया। रैली में शामिल आदिवासी जय जोहार का नारा है, भारत देश हमारा है। संविधान की रक्षा हम करेंगे,प्रकृति की रक्षा हम करेंगे,संस्कृति की रक्षा हम करेंगेजैसे नारे लगाकर अपना उत्साह प्रकट करते रहे।

# कॉरपोरेट टैक्स व बैंक लोन माफ करना कौन सा कल्चर बताएं पीएम : कुलबीर सिंह छाबड़ा

■ आम जनता पर टैक्स और मोदी के कार्पोरेट सेक्टर मालामाल

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवड़ी कल्चर वाले बयान पर कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने गंभीर सवाल उठाए हैं । उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट टैक्स माफ करना और बैंक लोन में माफी कौन सा कल्चर है, प्रधानमंत्री पहले यह बताएं छाबड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने मित्र उद्योगपतियों के पिछले पांच साल में 5.80 लाख करोड़ का बैंक कर्ज माफ किया है। इसके अलावा 1.45 लाख करोड़ रुपए का कॉरपोरेट टैक्स घटाया गया है। लेकिन इस कल्चर पर केंद्र सरकार कोई जवाब नहीं दे रही है जिससे साबित होता है कि केंद्र सरकार अपने कार्पोरेट सेक्टर के लोगों का फायदा कराने जनता का खून चूस रही है । जबकि गरीबों को मिलने वाली छोटी-छोटी मदद को प्रधानमंत्री मोदी रेवड़ी कल्चर का नाम दे रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कॉरपोरेट के टैक्स माफी और उद्योगपतियों के बैंक कर्ज की माफी पर पहले केंद्र सरकार जवाब दें। उन्होंने कहा कि देश की सरकार को रेवड़ियां तो दिख रही है ,लेकिन मुफ्त की बंट रही गजक पर नजर नहीं जा रहा है। कुलबीर सिंह छाबड़ा ने जारी बयान में आगे कहा कि केंद्र ने संसद के जवाब में स्वीकार किया है कि उसके द्वारा बट्टा खाते में डाली गई राशि में से केवल 1.03 लाख करोड़ की वसूली की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 5.8 लाख करोड़ के लोन की वसूली नहीं की है। छाबड़ा ने कहा कि सरकार कॉरपोरेट को दिए जा रहे ऐसे फ्री गिफ्ट पर कब चर्चा करेगी क्योंकि जब भी सवाल उठाए जाते हैं तो प्रधानमंत्री जी जवाब देने से दूर भागते नजर आते हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समाज की शान-जागृति

■ अरसीटोला में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत कोकपुर के आश्रित ग्राम आरसीटोला में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव थीं। अध्यक्षता वीरेंद्र साहू जनपद सदस्य डोंगरगांव ने की। विशेष अतिथि चुन्नी यदु सहसंयोजक जिला भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ राजनांदगांव सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारीगण थे। इस दरम्यान पौधारोपण भी किया गया।



मुख्यअतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों की पढ़ाई लिखाई में विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने आदिवासी समाज को एक सूत्र में रह कर धार्मिक सामाजिक राजनीतिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने अपील की। इस दौरान यदु ने भारत की गौरव एवं आदिवासियों की सम्मान भारत की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को आदर्श निरूपित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत का राष्ट्र निमार्ता करार दिया। कार्यक्रम को जनपद सदस्य वीरेंद्र साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के टीका मंडावी अध्यक्ष युवा आदिवासी समाज, भूपेंद्र उपाध्यक्ष, दीपक कुमरे, मोहन पटौदी, राजकुमार पटोदी, गिरधारी, चंद मंडावी योगेश पडौती, देवनारायण, नेम सिंह कुंजाम, भागवत उयके सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आजादी का गौरव यात्रा के चौथे दिवस की उमरवाही से हुई शुरुआत, गुंडरदेही में हुआ समापन

# युवाओं के लिए हमारे पास विश्व के सबसे बेहतरीन प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की गाथा : विधायक छन्नी साहू

■ बुजुर्गों व जनकल्याण में लगे व्यक्तियों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में खुज्जी विधानसभा में जारी आजादी की गौरवयात्रा की शुरुआत ग्राम उमरवाही से हुई। यहां विधायक ने महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यर्पण किया। आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण बुजुर्गों का सम्मान करने के बाद यात्रा बरबसपुर के लिए रवाना हुई। पदयात्रा करते कांग्रेसी इस दौरान खेत-खलिहान की लहलहाती फसलों के बीच पगडंडियों से लेकर गांव की गलियों से भी गुजरे।



शनिवार को उमरवाही से शुरु हुई यात्रा का यह चौथा दिवस था। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि, आजादी के 75 बरस पूरे हो गए हैं। हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों को समझने के लिए यह जरुरी है कि हम उन्हें याद रखें जिन्होंने इस देश की स्वतंत्रता के लिए अपना खून बहा दिया। कईयों ने सालों कारावास काटे। कई क्रांतिकारियों को फांसी पर टांग दिया गया।

साहू ने कहा कि, आजादी अनमोल है और इससे बड़ी जिम्मेदारी है अपने आजाद देश के प्रति हमारे कर्तव्यों का पालन। उमरवाही से रवाना होकर पदयात्रा बरबसपुर पहुंची। यहां ग्रामीणों ने पदयात्रा का स्वागत किया। पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण यात्रा में शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के बुजुर्गों और जनकल्याण में संलग्न व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। विधायक साहू ने कहा कि, इस गौरव यात्रा ने हमें हमारे बीच मौजूद विशिष्ट व्यक्तियों के सम्मान का अवसर दिया है जो कि सौभाग्य की बात है।

बरबसपुर से निकल कर पदयात्रा करते हुए कांग्रेसियों को जुलूस ग्राम संबलपुर, चंदिया, गिदर्री होते हुए ग्राम गुंडरदेही पहुंचा। इस दौरान कांग्रेसी भारत माता की जय और जह हिंद का उद्घोष करते रहे। यात्रा के दौरान क्रांतिवीरों को भी याद किया गया। विधायक साहू ने यात्रा के चौथे दिवस के समापन पर कहा कि, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरु, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के संघर्ष की कहानियां सिर्फ पन्नों पर नहीं सिमटी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के युवाओं के पास प्रेरणा लेने के लिए विश्व के सबसे बेहतरीन प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की गाथा है।

### पदयात्रा का आज होगा समापन

14 अगस्त को आजादी का गौरव यात्रा का समापन होगा। रविवार को अंतिम दिन यह यात्रा गैंदाटोला से शुरु होगी। यहां सम्मान समारोह और विधायक के उद्बोधन के बाद यात्रा सीताकसा के लिए रवाना होगी। इस पड़ाव के बाद साल्हेटोला, कल्लूटोला, दीवानटोला होते हुए ग्राम घुपसाल में यात्रा का समापन समारोह आयोजित होगा।

# तिरंगा अभियान का आगाज कृष्णकुंज का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

आजादी के 75वीं वर्षगाँठ के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय आव्हान पर हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर में हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान का 11 अगस्त को आगाज हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा भाई निषाद ने नगरीय क्षेत्र में उक्त अभियान का शुभारंभ किया। रक्षाबंधन के अवसर पर निकाय की टीम ने कृष्णकुंज का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा मुख्यालय नगर में उद्यानुमा कृष्णकुंज विकसित किया जा रहा है। उक्त स्थल को सुरक्षित रखने वनविभाग द्वारा फे न्सिंग कराया गया है। वहीं आवश्यक निर्माण कार्य भी कराये जा रहे हैं। इस दौरान नपंअध्यक्ष हीरा भाई ने सीएमओ भूपेश सिंह को कृष्णकुंज में पॉथ-वे, झूला एवं बैठक व्यवस्था हेतु निर्देश दिया। उक्त अवसर पर अभियंता प्रमेश ध्रुव सहित नगर पंचायत के कर्मचारीगण मौजूद थे।

# विधायक की अनुशंसा पर 8 करोड़ 43 लाख के विकास कार्य मंजूर

## अंतागढ़ और पखांजूर दोनों नगर पंचायतों में 3-3 करोड़ के कार्य स्वीकृत, सीसी सड़क, नाली निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, प्रकाश व्यवस्था सहित मॉडल सड़क का होगा निर्माण

पायनियर संवाददाता < अंतागढ़
www.dailypioneer.com

विधायक अनूप नाग ने अपने विधानसभा क्षेत्र में फिर 8 करोड़ 43 लाख 8 हजार रुपयों के विकास कार्यों की सौगात दी है । विधायक अनूप नाग की अनुशंसा पर अंतागढ़ विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत अंतागढ़ एवं नगर पंचायत पखांजूर के लिए 3-3 करोड़ के विकास कार्यों और विभिन्न पंचायतों के विभिन्न गांवों में प्रकाश व्यवस्था, विद्युतीकरण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, मॉडल रोड निर्माण, भवन निर्माण, पीडीएस गोदाम, सामुदायिक भवन, सीसी सड़क निर्माण, बाउंड्रीवाल निर्माण सहित कई विकास कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है ।

**नगर पंचायत अंतागढ़ में 3 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत-** नगर पंचायत अंतागढ़ में 16 अलग अलग निर्माण कार्यों के लिए कुल 3 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है जिसमे राजीव गांधी चौक से गोल्डन चौक तक डामरीकृत मॉडल सड़क निर्माण कार्य 2 करोड़ 39 लाख 40 हजार रूपए की लागत से, वार्ड क्रमांक 1 में 2.50 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 2 में 2 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 में 2.67 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 में 1.88 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 5 में 2.67 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 6 में 2.76 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 7 में 1.93 लाख रुपए से सीमेंट कांक्रीट कार्य, वार्ड क्रमांक 8 में 1.91 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 9 में 5.93 लाख रुपए से आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 10 में 2.40 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 11 में 1.57 लाख रुपए से सड़क निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 12 में 5.32 लाख रुपए से सीसी सड़क टॉप कोट एवं आरसीसी ठक्कन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 13 में 4.73 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 14 में 3.76 लाख रुपए से सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 15 में 4.76 लाख रुपए से नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है।



**नगर पंचायत पखांजूर के लिए भी 3 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत-** नगर पंचायत पखांजूर में 52 अलग अलग विकास कार्यों के लिए लगभग 3 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है जिसमे वार्ड क्रमांक 1 में दो अलग अलग सीसी सड़क निर्माण के लिए क्रमशः 34.36 एवं 8.39 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 2 में आठ अलग अलग सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण के लिए क्रमशः 1.56, 4.39, 1.38, 4.97, 2.07, 0.66, 2.40 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 3 में सीसी सड़क एवं आरसीसीसी नाली निमार्ण के लिए क्रमशः 16.86 एवं 18.28 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 4 में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण के लिए क्रमशः 24.14, 15.52, 2.40 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 5 में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण के लिए क्रमशः 4.37, 3.44, 8.99, 2.19, 2.10, 5.69, 3.68 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 6 में पुलिया निर्माण कार्य हेतु 2.33 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 7 में आरसीसी आरसीसी नाली निर्माण कार्य हेतु 1.16 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 8 में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य हेतु क्रमशः 6.29, 11.62 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 9 में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण के लिए क्रमशः 9.03, 2.10, 6.29, 1.28, 1.28, 1.84, 1.14 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 10 में सीसी सड़क निर्माण के लिए 6.30 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 11 में पुलिया निर्माण एवं आरसीसी नाली निर्माण के लिए क्रमशः 8.84, 1.94 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 12 में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण के लिए क्रमशः 2.19, 2.10, 5.89, 1.32, 4.79, 3.30, 2.37, 3.51 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 13 में छः अलग अलग सीसी सड़क निर्माण के लिए क्रमशः 5.62, 6.25, 2.81, 3.19, 5.98, 3.60 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 14 में सीसी सड़क निर्माण के लिए 6.38 लाख रुपए और वार्ड क्रमांक 15 में सीसी सड़क निर्माण के लिए 8.75 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है ।

**ग्राम पंचायत में वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था-** 10 ग्राम पंचायतों में 1 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से ( 30 नग प्रत्येक 14.40 लाख रुपए ) वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी इसमें कंदारी, आलपरस, सत्यनगर, भींगीडार, पानीडोबिर, मासबरस, छिंदभाट, किरकेपराली, मुल्ले और बड़ेतेवड़ा । 4 ग्राम पंचायतों में 28.80 लाख रुपए की लागत से वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी इसमें सिकसोड़, कौड़ोसाल्हेभाट, मनेगांव और जुनागावबड़ेगांव ।

**विभिन्न पंचायतों में निर्माण कार्यो के लिए-** माध्यमिक शाला अमोड़ी में 38 हजार रूपए से विद्युतीकरण, माध्यमिक विद्यालय इरपानर में 13 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण, माध्यमिक विद्यालय पी.व्ही.97 में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10.50 लाख रुपए, ग्राम पंचायत सरंडी में भवन निर्माण के लिए 9.15 लाख रुपए, आमाबेड़ा के वर्किंग शेड निर्माण के लिए 4.10 लाख रुपए, सरंडी में पीडीएस गोदाम निर्माण के लिए 12.67 लाख रुपए, बड़ेतोपाल टोंग राज मंदिर परिसर में आहता निर्माण कार्य के लिए 10.48 लाख रूपए और अंतागढ़ में गुजराती समाज के सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया रिहर्सल

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का रिहर्सल शनिवार सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। कलेक्टर सौरभ कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर ने अंतिम रिहर्सल में शामिल होकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह जिला स्तरीय समारोह की मुख्य अतिथि होंगी।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुकूल कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण पश्चात पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और परेड का प्रदर्शन किया गया। निरीक्षण में कलेक्टर सौरभ कुमार ने समारोह स्थल में अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकारों के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान मंच संचालन भी बेहतर ढंग से हो सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि इस बार भी समारोह में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया कार्यक्रमों के अंतिम रिहर्सल का अवलोकन



**बीजापुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल में संसदीय सचिव के मुख्य आतिथ्य में 15 अगस्त को मिनी स्टेडियम बीजापुर मे आयोजित होने वाले समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। आज कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्यने कार्यक्रमों का अंतिम रिहर्सल का अवलोकन किया। वहीं पूर्वाभ्यास के सभी कार्यक्रमों के गरिमामय एवं सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि का कार्यक्रम स्थल पर आगमन, ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश वाचन, राष्ट्रगान, सलामी, पुरस्कार वितरण आदि पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत रवि साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने उत्साहपूर्वक किया भारत जोड़ों अभियान का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से राज्य के सभी जिलों, ब्लाकों एवं निकाय क्षेत्रों में भारत जोड़ो तिरंगा यात्रा का अभियान चलाया जा रहा है। कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र में शुक्रवार को विभिन्न वार्डों में अभियान की शुरुआत की गई इस अभियान में पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं द्वारा निकाय क्षेत्र के अगल-अलग वार्डों में पहुंच कर विशाल संख्या में पद यात्रा की जा रही है। शुक्रवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण वार्ड 13 से अभियान की शुरुआत कर वार्ड 11, 19, 23, 24, जंजगिरी होते वार्ड 17 रामपुर तक की गई। अभियान में पहुँचे पार्टी नेताओं ने भारत जोड़ो तिरंगा पदयात्रा कर देश के शहीदों का स्मरण किया। इसी तारतम्य में कुम्हारी नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने बताया कि कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो अभियान के माध्यम से देश के लोगों को एक सूत्र में बांधने तथा आजादी की गौरव यात्रा के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि हम इस यात्रा के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यों को लेकर जनता के पास जा रहे हैं, तथा इनसे होने वाले विकास एवं लाभ के सम्बंध में भी बता रहे हैं । इस भारत जोड़ो तिरंगा पदयात्रा अभियान में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, मुख्यमंत्री ओएसडी मनीष बंछोर, पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के रवि कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, पार्षद ओमनारायण वर्मा, मनहरण यादव, राकेश कुर्रे, नीतू रावते, जानकी ध्रुव, शांति टंडन, कुमारी बाई निषाद, किशोर सोनकर व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अब दिव्यांग मालती भी लहरायेगी तिरंगा



**कोण्डागाँव।** पिछले 30 साल से जर्जर झोपडी मे रह धूप व जाड़ों में भटकने को मजबूर रही दिव्यांग मालती आज अपने पक्के मकान के सामने खुसी से झूमते तिरंगा लहराती नजर आई। कोण्डागाँव के निवासियों व शांति फाउंडेशन को धन्यवाद देते वृद्धा मालती ने कहा कि यह साथी फाउंडेशन और कोण्डागाँव के आम जनों का सहयोग ही है। कि मैं आज अपने पक्के घर पर रह रही हूं। और अपने घर पर मैं भी खुशी से तिरंगा लहरा रही हूं। ज्ञात हो कि दिव्यांग मालती अपना जीवन बसर जैसे तैसे मांगकर करती है। कुछ सालों पूर्व जर्जर झोपड़े में रह रही मालती का घर बनाने का जिम्मा स्वयं सेवी संस्था शांति फाउंडेशन व कोण्डागाँव के आमजनों ने लिया था। अपना जीवन बसर जैसे तैसे मांगकर करती है।

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनायें : रासेयो

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय सेवा योजना,डी. पी.विप्र महाविद्यालय द्वारा केंद्र शासन द्वारा जारी हर घर तिरंगा अभियान का पुरजोर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस वर्ष हम उन जांबाज़ शहीदों की याद में आज़ादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं इस तरह हम उन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।इस अभियान के माध्यम से जनता से अपील की जा रही है कि देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत हो कर अपने-अपने घरों में तिरंगा फ्हराकर हर घर तिरंगा अभियान में सम्मिलित होकर आज़ादी की 75 वीं वर्षगाँठ को उत्साहपूर्वक मनाएं। इसी अपील के साथ आज डी.पी.विप्र महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री अमरनाथ साव आदर्श कान्वेंट स्कूल में अध्ययनरत नन्हें बच्चों तिरंगा का महत्व बताते हुए अपने-अपने घरों में तिरंगा फ्हराने हेतु सन्देश दिया। ततपश्चात महाविद्यालय परिसर में प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को अपने घरों में तिरंगा फ्हराने हेतु प्रेरित किया। इसी श्रृंखला में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय से गांधी चौक तक लोगों को हर घर तिरंगा फ्हराकर इस अभियान को सफ्ल बनाने हेतु प्रयास किये। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू शुक्ला के मार्गदर्शन में डॉ. एम. एस. तम्बोली, अविनाश सेठी,डॉ.शैलेन्द्र तिवारी, मंगल सिंह,डॉ. दीपक तिवारी,डॉ. अजय यादव,डॉ. निधीश चौबे,डॉ.आशीष शर्मा,डॉ. आभा तिवारी,प्रो.किरण दुबे,डॉ. रीना ताम्रकार( रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, महिला इकाई), विक्की निर्मलकर,भाविक नाहर आदि ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर तिरंगा फहराने की अपील करते हुए तिरंगे की गरिमा व सम्मान को बनाये रखने हेतु अभियान चलाया।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403